उज्जैन
मंगलवार
02
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-209
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



चीनी एमएमए फाइटर शी मिंग को पसंद हैं आमिर खान, जीत के बाद बोलीं अब बननी चाहिए दंगल-2

## 12वीं की आंसरशीट मोबाइल से स्कैन करवाई, खास वेंडर को फायदा पहुंचाया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई की टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि छात्रों की आंसरशीट को ऑटोमैटिक रोबोटिक स्कैनर की बजाय मोबाइल फोन से स्कैन किया गया। राहुल गांधी ने छात्र सार्थक सिद्धांत की पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि अगस्त में ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का टेंडर दोबारा जारी किया गया था। उस समय कई जरूरी शर्तें हटा दी गईं और स्कैनिंग की क्वालिटी भी 300 डीपीआई से घटाकर 200 डीपीआई कर दी गई। राहुल ने कहा कि धुंधली आंसरशीट, गायब पन्ने और कई कॉपियों का स्कैन न होना सिर्फ तकनीकी गलती नहीं है।

## केदारनाथ यात्रा, बद्रीनाथ मार्ग पर भारी बारिश के कारण रास्ते में फंसे यात्री

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश ने चारधाम यात्रा पर असर डालना शुरू कर दिया है। खराब मौसम, भूस्खलन और सड़कों पर बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया है. वहीं बद्रीनाथ हाईवे पर भी हजारों श्रद्धालु घंटों तक जाम में फंसे रहे, जिससे यात्रा व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। रुद्रप्रयाग प्रशासन ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी कारण केदारनाथ धाम की यात्रा फिलहाल अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। पुलिस और प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी है।

## लेबनान पर इजराइली हमले से ट्रम्प नाराज, नेतन्याहू को फोन कर फटकार लगाई



**तेल अवीव।** ट्रम्प ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करते हुए लेबनान में इजराइली सैन्य कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में नेतन्याहू को पागल कह दिया और उन पर एहसान न मानने का आरोप लगाया। रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान पर हमले के बाद ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि अगर इजराइली कार्रवाई जारी रही तो वह अमेरिका के साथ चल रही बातचीत छोड़ सकता है। इससे नाराज ट्रम्प ने नेतन्याहू किया।

## सीबीएसई की संशोधित टेंडर शर्तों के कारण ओएसएम विवाद में कंपनी को ब्लैकलिस्ट करना मुश्किल

**नई दिल्ली।** सीबीएसई की कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर सामने आए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) विवाद ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। बोर्ड जहां मूल्यांकन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और तकनीकी खामियों को लेकर अपनी सेवा प्रदाता कंपनी को दंडित करने की तैयारी कर रहा है, वहीं सामने आए दस्तावेजों से संकेत मिल रहे हैं कि सीबीएसई के पास कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने का अधिकार अब नहीं बचा है। इसका कारण वह संशोधित टेंडर शर्तें हैं, जिनमें अनुबंध दिए जाने से पहले ब्लैकलिस्टिंग से संबंधित प्रावधान हटा दिए गए थे। जानकारी के अनुसार सीबीएसई ने अगस्त 2025 में ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली के संचालन के लिए निविदा जारी की थी।

## टीएमसी विधायकों पर भाजपा जॉइन करने का दबाव, पुलिस उन्हें डरा-धमका रही



**कोलकाता।** बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फेसबुक पर वीडियो मैसेज जारी कर भाजपा और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस टीएमसी विधायकों पर पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने का दबाव बना रही है। ममता ने दावा किया कि कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर टीएमसी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे कहा- जो लोग टीएमसी छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है। पार्टी ने आज अपने दो विधायकों संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किया है।

## पेट्रोल पंप बेचने के नाम पर 88 लाख की ठगी

**जबलपुर।** शहर में पेट्रोल पंप बेचने के नाम पर कथित ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि पेट्रोल पंप का सौदा तय कर पूरी रकम लेने के बाद भी विक्रेताओं ने स्वामित्व हस्तांतरित नहीं किया और बाद में उसी पंप को किसी अन्य व्यक्ति को बेचने की तैयारी शुरू कर दी। मामले का खुलासा होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर अधारताल थाना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगी-कुसली क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप को बेचने के लिए दीपिका सिंह राजपूत और अनिकेत सिंह राजपूत ने विशाल जैन के साथ सौदा किया था।

# यूपी-मप्र सहित 23 राज्यों में आंधी-बारिश

### गर्मी से राहत: यूपी के आगरा में बारिश से सड़कें धंसी, मानसून 2-3 दिन में केरलम पहुंचेगा





**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली/भोपाल

देश के 23 राज्यों में जून की शुरूआत गर्मी से राहत लेकर आई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश, हरियाणा और बिहार के कई इलाकों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। इससे तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया।

उत्तर प्रदेश के आगरा में मंगलवार सुबह एक घंटा तेज हवा चली और बारिश हुई। इससे कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। कई जगह सड़कें धंस गईं। फुटपाथ धंसने से 25 फीट का गड्ढा बन गया। एक मकान का अगला हिस्सा गिर गया।

दिल्ली में 1 जून का दिन पिछले तीन सालों की तुलना में सबसे ठंडा रहा। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 36.3त्ड रहा, जो सामान्य से 3.7त्ड कम है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भी बारिश और बादल छाने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरलम पहुंच सकता है। पहले 26 मई को मानसून पहुंचने का अनुमान लगाया गया था। मानसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरलम पहुंचता है और अगले डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर करता है।

## कोलकाता में मेसी का 70 फीट ऊंचा स्टैच्यू हटाया गया



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कोलकाता

कोलकाता के लेक टाउन इलाके में लगी स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के 70 फीट ऊंचे स्टैच्यू को सोमवार को हटा दिया गया। हाल में आए तेज तूफान में स्टैच्यू के हिलने की शिकायत मिली थी। सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने इसे हटाने का फैसला किया। पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के अधिकारियों ने हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से स्टैच्यू को उसके आधार से अलग किया।

## अमेरिका में 30 भारतीय ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका में 30 भारतीय ट्रक ड्राइवरों को गिरफ्तार किया गया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इन लोगों पर आरोप है कि वे अमेरिका में गैरकानूनी तरीके से रह रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि इन्हें जल्द ही अमेरिका से बाहर भेजा जाएगा।

अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन ने बताया कि 11 से 15 मई के बीच ऑपरेशन चेकमेट के तहत एरिजोना में कुल 52 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से 36 लोग ट्रक चला रहे थे। इनमें से 30 भारतीय है। बाकी 6 लोग मेक्सिको, एल साल्वाडोर और रूस के थे।

इन ट्रक ड्राइवरों के पास कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क, वॉशिंगटन और वर्जीनिया जैसे राज्यों से जारी कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस थे, जबकि कुछ लोगों के पास कोई लाइसेंस ही नहीं था। अधिकारियों के मुताबिक ज्यादातर लोगों के पास काम करने की अनुमति से जुड़े दस्तावेज थे, जो बाइडन प्रशासन के दौरान मिले थे। लेकिन अब वे दस्तावेज मान्य नहीं हैं।

### 30 जुलाई से शुरू होगा सावन माह

## दस दिन पहले बड़ा गणेश टनल और चौबीस खंबा मार्ग शुरू करने पर प्रशासन का फोकस



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

प्रशासन सावन से पहले श्री महाकाल मंदिर क्षेत्र में चल रहे बड़ा गणेश टनल और चौबीस खंबा मार्ग को शुरू करना चाहता है। ताकि श्रद्धालुओं को तकलीफ ना हो। दरअसल सिंहस्थ की तैयारियों के क्रम में श्री महाकाल मंदिर क्षेत्र में कई निर्माण किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चौबीस खंबा माता मंदिर से महाकाल पार्किंग तक नई सड़क बन रही है। इसके साथ ही बड़ा गणेश के पास से वेटिंग हॉल तक टनल बनाई जा रही है।

ताकि दूसरी तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं को इस टनल के माध्यम से वेटिंग हॉल तक ले जाया जा सके। 30 जुलाई से सावन का महीना शुरू हो रहा है। ऐसे में उज्जैन में लाखों की तादाद में शिवभक्त आएंगे। प्रशासन का पूरा फोकस इस बात पर है कि 20 जुलाई तक यह काम पूरे हो जाए, ताकि श्रद्धालुओं को दिक्कत नहीं हो। कलेक्टर रोशन सिंह का कहना है कि सावन से पहले टनल शुरू करना चाहते हैं सीएम डॉ. यादव श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए कई काम करा रहे हैं। इसी कड़ी में चौबीस खंबा माता मंदिर से पार्किंग तक नई सड़क बनाई जा रही है। इसी तरह बड़ा गणेश से वेटिंग हॉल तक टनल बनाई जा रही है। कोशिश है कि यह काम सावन से पहले शुरू हो जाए, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन में आसानी हो।

महाकालेश्वर मंदिर में प्रवेश के लिए एक और वैकल्पिक मार्ग

महाकालेश्वर मंदिर में प्रवेश के लिए एक और वैकल्पिक मार्ग तैयार हो गया है। पालकी द्वार से एक टनल बनाई गई है जो सीधे महाराजवाड़ा के पास निकलेगी। इस मार्ग का उपयोग पर्व, त्योहार के दौरान किया जाएगा। इस तरह मंदिर में दो टनल हो गई है, जहां से श्रद्धालु सुलभ दर्शन कर सकेंगे। 24 मीटर मार्ग को 24 खंभा मार्ग से जोड़ा भारत माता मंदिर की पार्किंग से महाराजवाड़ा के सामने बनाए जा रहे 24 मीटर चौड़ा मार्ग को 24 खंभा मार्ग से जोड़ दिया है। जिससे श्रद्धालुओं सीधे हेरिटेज होटल तक पहुंच सकेंगे। इसके अलावा मंदिर के सामने चौड़ा मार्ग होने से ज्यादा श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सकेगी।

### मुख्यमंत्री विजय बोले

## मेरी पॉलिटिक्स भी सूट की तरह ब्लैक एंड व्हाइट, मैं मुख्यमंत्री नहीं, सेवक हूं

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ तिरुचिरापल्ली

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह में सूट पहनने को लेकर उठे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने पूछा कि डीएमके और एआईएडीएमके को उनके सूट पहनने पर आपत्ति क्यों है।

विजय ने कहा, मेरी राजनीति भी मेरे सूट की तरह ब्लैक एंड व्हाइट होगी। ये रंग साफ सोच और बिना किसी भ्रम के फैसले लेने का संदेश देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह खुद को मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि जनता का पहला सेवक मानते हैं। विजय ने विपक्ष के हॉर्स-ट्रेडिंग के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद दोनों द्रविड़ दल डीएमके और एआईएडीएमके ने सत्ता हासिल करने के लिए हॉर्स-ट्रेडिंग की कोशिशें की थीं। विजय ने आरोप लगाया कि डीएमके की पारिवारिक राजनीति उसकी चुनावी हार का बड़ा कारण बनी।



# कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर 6 जून को भारत लौटेंगे

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे, इंस्टा फॉलोअर 2 करोड़ पार

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके 6 जून को भारत लौटेंगे। इसके बाद वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में वे शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे। दिपके ने इसकी जानकारी अपने अकाउंट ह्यकॉकरोच इज बैकह्व पर दी है।

कॉकरोच जनता पार्टी एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जो भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की हालिया कॉकरोच टिप्पणी के बाद सामने आया। उखढ के इंस्टाग्राम पर 2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।




अभिजीत अमेरिका में पढ़ रहे, अअढ में काम कर चुके

30 साल के अभिजीत दिपके महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है। फिलहाल वो अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन से मास्टर्स की पढ़ाई कर रहे हैं।

अभिजीत 2020 से 2022 तक केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट रहे हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में अभिजीत अअढ के लिए वायरल मीम बेस्ड ऑनलाइन प्रचार का मटेरियल बनाते थे।

एक इंटरव्यू में अभिजीत ने बताया कि उन्होंने निजी जिंदगी और आर्थिक स्थिरता के लिए अअढ छोड़कर बोस्टन यूनिवर्सिटी में अप्लाई किया था। एडमिशन मिल गया, तो वे अमेरिका शिफ्ट हो गए।अभिजीत किसान आंदोलन से लेकर महंगाई जैसे राजनीतिक मुद्दों पर अकाउंट पर केंद्र सरकार और पीएम पर निशाना साधते रहे हैं।

### कॉकरोच जनता पार्टी का अकाउंट अभी बंद

दिल्ली हाईकोर्ट का ने 29 मई को कॉकरोच जनता पार्टी क अकाउंट से बैन हटाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने सरकार और से 4 हफ्ते में जवाब मांगा। दिल्ली हाईकोर्ट में दिपके ने उखढ का अकाउंट ब्लॉक किए जाने को चुनौती दी है। इस पर जस्टिस पुरुषेन्द्र कुमार कौरव की बेंच ने कहा कि सरकार का पक्ष सुने बिना ऐसा आदेश नहीं दिया जा सकता, क्योंकि मामले के व्यापक प्रभाव और दूरगामी परिणाम हैं। अगली सुनवाई 6 जुलाई को होगी।

### समता आंदोलन के सम्मेलन में राजस्थान की प्रबुद्ध जनता से अपील

# सामाजिक समरसता एवं सद्भाव के लिए कृत संकल्पित : सपाक्स पार्टी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ जयपुर/उज्जैन



आरक्षण एक सामाजिक बैसाखी ही नहीं वरन यह अब भाजपा और कांग्रेस की वोट के लिए दलितों एवं पिछड़ों के खिलाफ एक षड्यंत्र है। यह एक गंभीर राजनीतिक बीमारी है। इसका समय रहते इलाज नहीं किया गया तो पूरे हिंदू समाज आपसी संघर्ष में बदल जाएगा, जिसका पूरा उत्तरदायित्व हमारी पीढ़ी पर आएगा। जयपुर में आयोजित समता आंदोलन के सम्मेलन में उक्त बात पूर्व आईएएस डॉ वीणा राष्ट्रीय अध्यक्ष सपाक्स पार्टी ने कही। उन्होंने कहा कि सपाक्स पार्टी उक्त अन्याय एवं विरोधाभास का का विरोध करती है एवं सामाजिक समरसता कायम करने के लिए कृत संकल्प है। इसलिए हम राजस्थान में होने वाले आगामी नगरी निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में सपाक्स पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे।

सपाक्स पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक डॉ हीरालाल त्रिवेदी पूर्व आईएएस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कई बार यह टिप्पणी कर चुका है कि आरक्षण में जो लोग बड़े-बड़े पदों पर पहुंच गए हैं, उनकी अगली पीढ़ी ही आरक्षण का पूरा लाभ हजम कर जा रही है और आरक्षित वर्ग के गरीबों को कुछ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जातिगत आरक्षण के छात्रावास एवं संस्थाएं केवल जाति की कुंठा से ग्रस्त युवा तैयार कर रही है उनमे राष्ट्रीयता एवं सामाजिक समरसता तभी आएगी जब ऐसी संस्थाओं में उक्त वर्ग के 50% से अधिक ना हो तथा शेष 50% अन्य वर्ग एवं धर्म के हो ताकि छात्रावास से लेकर सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं में सामाजिक समरसता का वातावरण निर्माण हो। सामान्य वर्ग के योग्य बच्चे भी लाभ से वंचित होकर विदेशों में पलायन कर रहे हैं, देश में योग्यता का भी सम्मान हो ताकि यह पलायन रुके एवं देश को उसका लाभ मिले।

संविधान निर्माता के नाम से केवल डॉ. भीमराव अंबेडकर को प्रोजेक्ट करने के विरुद्ध शंखनाद करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा की संविधान निर्माण में डॉ बीएन राव अथक परिश्रम किया एवं डॉ राजेंद्र प्रसाद का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है परंतु उन्हें भुला दिया गया है परंतु वोट के लिए केवल एक व्यक्ति को प्रोजेक्ट कर रहे हैं अब भारतीय समाज यह स्वीकार नहीं करेगा अन्य संविधान निमार्ताओं को भी समान महत्व मिलना चाहिए।

समता आंदोलन समिति के सम्मेलन में समिति के अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौड़, करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना, सपाक्स पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र सिंह प्रवक्ता प्रीति तिवारी ने भी संबोधित किया। बाद में आरडी भारती को सपाक्स पार्टी का राजस्थान का प्रदेश संयोजक तथा रामेश्वर सैनी को सोशल मीडिया प्रभारी घोषित किया गया।



उज्जैन
मंगलवार
02
जून, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दन्तकाष्ठस्य खेटस्य विसर्जनमपावृतम्।
नेष्टं जले स्थले भोग्ये मूत्रादेश्चापि गर्हितम्॥
अर्थः दातौन एवं कफ थूकने के पश्चात् उसे ढक देना चाहिए। इतना ही नहीं पानी, सार्वजनिक भूमि एवं आवासीय स्थल पर मूत्र आदि का त्याग निंदनीय कर्म है, अतः ऐसा नहीं करना चाहिए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मप्र यात्री परिवहन एंड इन्फ्रॉस्ट्रक्चर लिमिटेड के संचालक मण्डल की बैठक

# इंदौर संभाग से शुरू होगा बस ऑपरेशन, सीएम डॉ. यादव ने जारी किए निर्देश

## पीएम ई-बस सेवा के तहत इंदौर शहर में प्रारंभ होगा 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन, इंदौर से प्रदेश के अन्य जिलों के लिए, इंदौर शहर एवं उप नगरीय क्षेत्रों तक सिटी बसें

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल/उज्जैन

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1 जून को मंत्रालय में मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के संचालक मण्डल की बैठक ली। बैठक में बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बोर्ड के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने प्रजेंटेशन दिया। इसमें बताया गया कि मध्यप्रदेश को 7 क्षेत्रों, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर और रीवा में विभक्त किया जाएगा। बैठक में इन शहरों में पूर्व से क्रियाशील शहरी परिवहन के लिए कंपनियों के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि पीएम ई-बस सेवा और मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना में बसों का संचालन सबसे पहले इंदौर क्षेत्र से प्रारंभ किया जाएगा। इंदौर क्षेत्र के तहत, इंदौर संभाग के समस्त जिले और इंदौर स्थित अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (अक्छळरछ) अब संपूर्ण इंदौर संभाग से प्रारंभ होने वाली बसों के कार्यक्षेत्र में कार्य करेंगी।



गौरतलब है कि इंदौर से मध्यप्रदेश के अन्य जिलों को जोड़ने वाली इंटरसिटी मार्गों पर बसों का संचालन। इंदौर शहर में सिटी बसों का संचालन, इंदौर संभाग के समीपवर्ती राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश जाने वाले अंतर्राज्यीय मार्गों पर अनुबंध अनुसार बसों का संचालन किया जाएगा। इसके साथ-साथ यह भी अवगत कराया गया कि पीएम ई-बस सेवा की 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी इंदौर शहर में जुलाई माह से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। प्रबंध संचालक ने बैठक में बताया कि 7 क्षेत्रीय मुख्यालयों के 7 शहर से, प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों तक जाने वाले कुल 620 मार्गों को चिन्हित किया गया है। इनमें कुल 2432 बसें संचालित होगी। इसके तहत इन्दौर क्षेत्र से प्रदेश के अन्य जिलों में कुल 121 मार्ग चिन्हित किए गए हैं। जिनमें 608 बसें संचालित की जाएंगी।

**लोगों की सुविधा का रखा ध्यान-** सात क्षेत्रीय मुख्यालय इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, सागर, जबलपुर और रीवा में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत सिटी बसों का संचालन भी किया जाएगा। यह बसें आमजन की सुविधा हेतु शहर से आगे महत्वपूर्ण उप नगरीय क्षेत्रों तक भी जा सकेंगी। इस श्रेणी के सिटी रूट के तहत इंदौर में शहर के अंदर एवं उप नगरीय क्षेत्रों तक कुल 28 मार्ग चिन्हित किए गए हैं। इनमें लोगों की सुविधा के लिए 784 बसें (पीएम ई-बस सेवा की 150 बसों को मिलाकर) संचालित की जाएंगी। इंदौर क्षेत्र से महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश राज्यों के लिए जाने वाली बसों के मार्ग अनुबंध अनुसार कुल 101 हैं। इसमें कुल 276 अंतर्राज्यीय बसों का संचालन अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (अ.कउ.ळ.र.छ) के द्वारा किया जाएगा। इस प्रकार इंदौर से प्रारंभ होने वाली इंटरसिटी सिटी बसें एवं अंतर्राज्यीय, कुल मार्गों की संख्या 250 हैं। इनमें कुल 1688 बसों का संचालन किया जाना प्रस्तावित है।

**निजी बसों पर नहीं होगा असर-** बैठक में बताया गया कि जिस प्रकार से इंदौर क्षेत्र से उक्त तीनों श्रेणी की बसों का संचालन विभिन्न मार्गों पर किया जाएगा, उसी प्रकार अन्य 6 क्षेत्रीय मुख्यालयों से भी इन तीनों श्रेणी की बसों का संचालन चिन्हित मार्गों पर उस क्षेत्र की सहायक कंपनियों द्वारा किया जाएगा। सम्पूर्ण प्रदेश के सात क्षेत्रों में कुल सभी श्रेणी के 1164 मार्गों को चिन्हित किया गया है, जिसमें कुल 5206 बसें संचालित होंगी। बसों का संचालन मोटरयान अधिनियम 1988 के सुसंगत प्रावधानों के तहत, स्कीम के प्रकाशन उपरांत होगा। इसमें वर्तमान संचालित निजी बसों के अनुज्ञा-पत्र पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा वे यथावत पूर्व व्यवस्था अनुसार संचालित होती रहेंगी। बैठक में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत गठित की गई राज्य स्तरीय कंपनी एवं सात सहायक क्षेत्रीय कंपनियों के संगठनात्मक महत्वपूर्ण अधोसंरचना एवं पदों की स्वीकृति भी संचालक मण्डल द्वारा दी गई। इन कंपनियों में प्रभावशील रहने वाले सेवा भर्ती नियम-2026 की भी स्वीकृति संचालक मण्डल द्वारा प्रदान की गई है। राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एण्डि इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में 7 विभाग कार्य करेंगे, जो आईटी एवं आईटीएमएस विभाग, प्लानिंग एवं अनुबंध विभाग, पॉलिसी विभाग एवं अनुसंधान, मानव संसाधन एवं विधि विभाग, अधोसंरचना विभाग, प्रवर्तन एंव गुणवत्ता विभाग तथा बिजनेस डेवलपमेंट विभाग कार्य करेंगे। सभी विभागों के प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक रहेंगे। इन पदों पर भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के साथ अन्य तकनीकी विशेषज्ञों को लिया जा सकेगा। इस होल्डिंग कंपनी में प्रतिनियुक्ति, संविदा और संविलयन के आधार पर पदों की भर्ती की जा सकेगी। राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी में कुल 140 पद उच्च प्रबंध श्रेणी, वरिष्ठ प्रबंध श्रेणी एवं कनिष्ठ प्रबंध श्रेणी में स्वीकृत किए गए हैं।

### कई पदों को मिली स्वीकृति

बैठक में बताया गया कि राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के अधीन 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियों में कुल 150 पदों की स्वीकृति दी गई है। सभी सहायक कंपनियां एक कार्यकारी संचालक के अधीन होंगी। सहायक क्षेत्रीय कंपनियों के अधीन संचालित होने वाली बसों की सुरक्षा एवं सुविधा और प्रवर्तन अमले के लिए भी पद स्वीकृत किए गए हैं। इसमें पुलिस एवं विशेष सशस्त्र बल से अधिकारी-कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर अथवा हाल ही में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों को संविदा पर लिया जा सकेगा। संचालित होने वाली बसों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिये गुणवत्ता विभाग के अधीन भी पदों की स्वीकृति की गई है। इससे आमजनों की यात्रा सुरक्षित हो सकेगी। राज्य परिवहन उपक्रम के तहत संचालित होने वाली इन बसों की आवाजाही प्रदेश के सभी आईएसबीटी एवं बस स्टेण्ड तक हो सकेगी। इस प्रकार एक राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी एवं 7 सहायक क्षेत्रीय कंपनियों में कुल 1190 पद विभिन्न विभागों में सृजित करने की स्वीकृति संचालक मण्डल द्वारा प्रदान की गई है। इसमें चरणबद्ध तरीके से आगामी 4 वर्षों तक पदों को भरा जाएगा।

## खबर एक नजर...

### इंस्टाग्राम के जरिए की थी दोस्ती, फिर मनाली घुमाने के नाम पर किया रेप

**इंदौर।** इंदौर में सोशल मीडिया के जरिए हुई दोस्ती के बाद एक युवती से दुष्कर्म और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर तिलक नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता, जो कोटा की रहने वाली है, ने बताया कि करीब 5 महीने पहले उसकी इंस्टाग्राम पर रूद्राक्ष जामुन नाम के युवक से दोस्ती हुई थी। बातचीत बढ़ने पर आरोपी ने मोबाइल नंबर ले लिया और लगातार चैट व कॉल के जरिए संपर्क में रहा। इस दौरान उसने युवती को प्रेम जाल में फंसाकर शादी का भरोसा दिया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने उसे इंदौर बुलाया और पिपलिया स्थित लेक व्यू होटल में ठहराया, जहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए। इसके बाद दोनों मई 2026 में ट्रेन से मनाली घूमने गए, जहां भी कई बार शारीरिक संबंध बनाए गए। इसके बाद वे केदारनाथ गए और वापस लौट आए। बाद में आरोपी ने फिर इंदौर आकर युवती से मुलाकात की और शादी का भरोसा देकर दोबारा होटल में उसके साथ संबंध बनाए। कुछ समय बाद जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया और कथित तौर पर धमकी दी कि उसकी ऊंची पहुंच है और वह उसे नुकसान पहुंचा सकता है। डरी-सहमी युवती वहां से किसी तरह अलग होकर एक सहेली के पास पहुंची और बाद में थाने पहुंचकर पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भंवरकुआं क्षेत्र में मदद लेकर 22 चौराहों पर लगाएंगे 154 कैमरे

**इंदौर।** एजुकेशन हब कहे जाने वाले भंवरकुआं और आसपास के क्षेत्रों को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस ने अब तक का सबसे बड़ा ह्यडिजिटल सुरक्षा चक्रह्न तैयार करना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के करीब 700 होस्टलों में रहने वाले 45 हजार छात्र-छात्राओं की निगरानी और औद्योगिक, ट्रांसपोर्ट क्षेत्र को सुरक्षा के लिए डिजिटल सर्विलांस सिस्टम सक्रिय किया जा रहा है। टीम जनसहयोग से चप्पे-चप्पे पर कैमरे लगवा रही है, जिसका सीधा एक्सेस थानों पर बनाए जा रहे कंट्रोल रूम को दिया जा रहा है। पुलिस ने क्षेत्र के उन संवेदनशील रास्तों और चौराहों को भी चिह्नित किया है, जहां छेड़छाड़, लूट या मारपीट की घटनाएं अधिक होती हैं। टीआई संतोष दूधी के अनुसार, भोलाराम उस्ताद मार्ग (1 व 2), सवानंद नगर, भंवरकुआं चौराहा, सपना संगीता रोड और अग्रसेन चौराहा सहित 22 स्थानों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। इस मुहिम का विस्तार अब औद्योगिक क्षेत्रों तक हो रहा है। पालदा औद्योगिक संगठन के सहयोग से 100 स्थानों और ट्रांसपोर्ट नगर में 70 पॉइंट चिह्नित किए गए हैं, जहां जल्द ही कैमरे इंस्टाल होंगे।

### मेयर ने सीधे नल से पानी पिया, बोले- कांग्रेस छवि धूमिल कर रही

**इंदौर।** शहर में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर कांग्रेस और नगर निगम आमने-सामने आ गए हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा इंदौर के 90 प्रतिशत पानी को जहरीला बताए जाने के दावे के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव सोमवार को सुदामा नगर पहुंचे और रहवासियों के घरों में नल का पानी पीकर रिपोर्ट पर सवाल खड़े किए। उन्होंने दावा किया कि जिस क्षेत्र के पानी को पीने योग्य नहीं बताया गया था, वहां का पानी सुरक्षित है। महापौर ने कहा कि पटवारी ने पानी के 240 नमूनों की जांच का दावा किया था, जबकि सार्वजनिक रूप से केवल 130 लोगों की सूची जारी की गई। उन्होंने कहा कि शेष स्थानों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए तो वहां भी परीक्षण कराया जाएगा।

### 93 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाः 174 स्थानों पर गिरे पेड़

# 10 से ज्यादा स्थानों पर वाहनों पर गिरे पेड़

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में सोमवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। शाम को 93 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा लोगों का काफी परेशानी हुई। हवा की तेज रफ्तार से कई कॉलोनियों, मोहल्लों और मार्गों पर पेड़ों और टहनियों के गिरने की सूचनाएं मिलती रही। इस दौरान नगर निगम कंट्रोल रूम के फोन घनघनाते रहे। कंट्रोल रूम के मुताबिक कुल 174 स्थानों पर पेड़ों, टहनियों की गिरने की सूचना मिली है। ये सूचनाएं सभी 22 जोन में हुई हैं।

दस से ज्यादा स्थानों पर वाहनों पर पेड़, टहनियां गिरी हैं। इससे मालवा मिल, जंजीरवावाला चौराहा, रीगल, पाटनीपुरा, परदेशीपुरा, एलआईजी, भमोरी की लाइट काफी देर तक गुल रही। इसके अलावा राऊ, छत्रीबाग, संचार नगर, खातीपुरा सहित कुछ स्थानों पर बड़े पेड़ गिरे हैं। राहत कार्य में नगर निगम के अलावा



बिजली कंपनी की टीमें भी जुटी हैं और कई क्षेत्रों की बिजली चालू हो चुकी है। वहीं इस बार नौतपा के अंतिम दिनों में गर्मी के तेवर काफी नरम रहे। मई के आखिरी दिन रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री कम रहा। यह पूरे मई महीने का सबसे कम तापमान भी है। हालांकि दिनभर उमस का असर बना रहा, लेकिन तीखी गर्मी से लोगों को राहत मिली। वहीं रात का तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले सात वर्षों में जून माह के दौरान इंदौर में अधिकतम तापमान 39.6 से 41.6 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा है। वर्ष 2025 में जून का अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री तक पहुंचा था। जून में मानसून पूर्व गतिविधियों के कारण तापमान में गिरावट देखने को मिलती है और सामान्यतः मासिक वर्षा कोटे का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी महीने में दर्ज हो जाता है।

### मई में 20 दिन पारा 40 डिग्री के पार

मई की शुरूआत 39.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ हुई थी। पूरे महीने तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा। माह के दौरान 20 दिनों तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। नौतपा के शुरूआती दिनों में तेज गर्मी का असर देखने को मिला, लेकिन महीने के अंतिम सप्ताह में मौसम का मिजाज बदल गया और तापमान में गिरावट आने लगी। हालांकि गर्मी कम रही, लेकिन पिछले करीब 15 दिनों से उमस ने लोगों को परेशान किया। वर्तमान में भी वातावरण में नमी के कारण उमस महसूस की जा रही है।

### महाकाल चौराहा से ढाबा रोड तक सड़क चौड़ीकरण के लिए दूसरी बार टेंडर बुलाए

**उज्जैन।** मार्च के बाद अब नगर निगम द्वारा दूसरी बार महाकाल चौराहा से गोपाल मंदिर होते हुए ढाबा रोड तक चौड़ीकरण के लिए टेंडर आमंत्रित किए हैं। पहली बार किसी भी ठेकेदार द्वारा रूचि नहीं लेने पर जिम्मेदारों को प्रक्रिया दोहराना पड़ी हैं। यह मार्ग श्री महाकालेश्वर से गोपाल मंदिर को जोड़ता है और रूट व्यावसायिक हैं। बर्तन बाजार, ज्वेलरी मार्केट पटनी बाजार, पूजन सामग्री बाजार के अलावा गुदरी चौराहा शहर के प्रमुख व प्राचीन व्यापारिक क्षेत्र इसमें आते हैं। आम दिनों में ही मार्ग पर बेहद भीड़ रहती हैं। त्योहार व विशेष अवसरों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ने से चक्काजाम होता है। मार्ग की वर्तमान चौड़ाई 35 से 45 फीट तक हैं। अधिकारी सिंहस्थ में भीड़ प्रबंधन व यातायात की दृष्टि से इस मार्ग का विस्तार करीब 65 फीट तक करना चाहते हैं। सावन सवारी व पंचक्रोशी यात्रा का मार्ग होने से भी यह रूट पहले से ही चौड़ीकरण के लिए प्राथमिकता में हैं। निगम ने 11 जून तक टेंडर आमंत्रित किए हैं। इसमें प्रोजेक्ट पूरा करने की डेड लाइन एक वर्ष की रखी गई हैं।

### शिक्षकों के लिए बढ़ाया अवकाश, इधर मूल्यांकन और परीक्षा में लगा दी ड्यूटी

**उज्जैन।** लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई), भोपाल में अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी बनी हुई है। इसके कारण ऐसे आदेश भी जारी किए जा रहे हैं, जिससे शिक्षक परेशान हो रहे हैं। ताजा मामला शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश से जुड़ा। एक तरफ जहां विभाग मुख्यालय ने शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को 7 जून तक बढ़ा दिया है। दूसरी तरफ शिक्षकों की बोर्ड परीक्षा की द्वितीय अवसर की परीक्षाओं के मूल्यांकन में ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा 3 जून से कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षाएं भी शुरू हो रही है।डीपीआई ने पहले शिक्षकों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 31 मई तक घोषित किया था। वहीं 30 मई को लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह की ओर से ग्रीष्म अवकाश में वृद्धि के संबंध में पत्र जारी किया गया। संशोधन के बाद शिक्षकों के लिए ग्रीष्म कालीन की अवधि 1 मई से 7 जून घोषित की गई है।

**परीक्षा के लिए शिक्षकों को जाना पड़ेगा स्कूल-** एक तरफ विभागीय मुख्यालय ने शिक्षकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश 7 जून तक करने का पत्र जारी किया है। दूसरी तरफ 3 जून से 9वीं और 11वीं की द्वितीय अवसर की परीक्षाएं शुरू होना है। कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षाओं का कार्यक्रम पहले से तय है। ऐसे में सवाल यह है कि अधिकारियों ने इन परीक्षाओं के शेड्यूल का ध्यान क्यों नहीं रखा? अब शिक्षकों के सामने मुश्किल यह है कि प्राचार्यों के बुलाने पर 3 जून से कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षाओं में उन्हें ड्यूटी देने जाना पड़ेगा। वहीं कई शिक्षकों की बोर्ड की द्वितीय अवसर की परीक्षाओं के बाद 29 मई से मूल्यांकन में ड्यूटी लगा दी गई है। ऐसे में उनके सामने भी छुट्टियों का कोई औचित्य नहीं रहा है।

### इंदौर के सराफा चौपाटी में दुकान आवंटन पर बवाल

# व्यापारी पहुंचे हाईकोर्ट, पुराने व्यापारियों की अनदेखी का आरोप, पात्र बाहर, अपात्र अंदर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर की प्रसिद्ध सराफा चौपाटी में दुकान आवंटन को लेकर विवाद गहरा गया है। कई व्यापारियों ने सराफा चौपाटी एसोसिएशन के अध्यक्ष राम गुप्ता पर आवंटन प्रक्रिया में पक्षपात और अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा दिया है। व्यापारियों का आरोप है कि वर्षों से व्यवसाय कर रहे पात्र लोगों की अनदेखी कर कुछ अन्य लोगों को लाभ पहुंचाया गया।

पीड़ित व्यापारियों के अनुसार नगर निगम को सौंपी गई पात्रता सूची में कई



पुराने और वास्तविक व्यापारियों के नाम शामिल नहीं किए गए, जबकि उनके स्थान पर अन्य लोगों के नाम जोड़ दिए गए। व्यापारियों का दावा है कि सराफा चौपाटी में 20 से 40 वर्षों से व्यवसाय कर रहे कई परिवारों के पास नगर निगम के पुराने लाइसेंस और अन्य दस्तावेज मौजूद हैं, इसके बावजूद उन्हें आवंटन प्रक्रिया से बाहर रखा गया। व्यापारियों का आरोप है कि दुकान आवंटन की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही और सूची में शामिल नामों में बाद में बदलाव किए गए। उनका कहना है कि प्रारंभिक सूची में शामिल कुछ नाम अंतिम सूची से हटा दिए गए, जिससे व्यापारियों में असंतोष बढ़ गया। मामले में आठ व्यापारियों ने इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सराफा चौपाटी एसोसिएशन और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। याचिकाकताओं का कहना है कि पात्र व्यापारियों को न्याय दिलाने और पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने के लिए उन्होंने कोर्ट की शरण ली है। व्यापारियों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने मेयर, मंत्री, नगर निगम कमिश्नर, कलेक्टर सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार ज्ञापन देकर अपनी शिकायतें रखीं, लेकिन समाधान नहीं होने पर उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

# डेली कॉलेज मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

डेली कॉलेज की चुनाव प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज करने के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में ओल्ड डेलियन्स की याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार ने पूछा कि डेली कॉलेज प्रबंधन में एल्युमनाई को शामिल होने का क्या अधिकार है? क्या आपने राशि दी है? क्या आपने कॉलेज स्थापित किया है? इस पर याचिकाकर्ता ने बताया कि डेली कॉलेज बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में दो पद एल्युमनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों के लिए आरक्षित होते हैं, जिसके लिए वोट डालने का अधिकार प्रत्येक पूर्व छात्र को है। कोर्ट ने इस पर कहा कि एल्युमनाई एसोसिएशन हर कॉलेज, हर संस्थान की होती है, क्या इससे वो संस्था कॉलेज प्रबंधन का हिस्सा हो जाती है?इसके बाद याचिकाकताओं ने अपनी याचिका को वापस लेने और मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की डिविजन बेंच के समक्ष उक्त याचिका फाइल करने की अनुमति मांगी। कोर्ट द्वारा याचिकाकर्ता को इसकी अनुमति दी गई। यह याचिका डेली कॉलेज के पूर्व छात्र विक्रम खंडेलवाल द्वारा दायर की गई थी।

### प्रो. भीम सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर व्याख्यान आयोजित किया

# विश्व शांति समारोह में क्यूबा के राजदूत रहे मुख्य अतिथि

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

डिप्लोमैटिक एन्क्लेव स्थित अशोक होटल के फ्रेंडशिप लाउंज में लगभग 200 राष्ट्रीय नेताओं, राजनयिकों और सार्वजनिक जीवन की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में विश्व शांति हेतु प्रो. भीम सिंह स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया। यह आयोजन दिवंगत राजनेता की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया।

प्रो. भीम सिंह सर्वोच्च न्यायालय के एक प्रखर अधिवक्ता, लोकतंत्र के निर्भीक पक्षधर, जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी के संस्थापक तथा सद्दाम हुसैन से लेकर यासिर अराफात तक अनेक अंतरराष्ट्रीय नेताओं के घनिष्ठ मित्र थे। उनकी विरासत



ऐतिहासिक कानूनी विजय, जनआधारित राजनीतिक आंदोलनों तथा धर्मनिरपेक्षता एवं सांप्रदायिक सौहार्द के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से परिपूर्ण है। उनके साहस का सबसे सशक्त उदाहरण वर्ष 1988 का उधमपुर संसदीय उपचुनाव माना जाता है, जो राज्य में उग्रवाद के चरम काल के दौरान आयोजित हुआ था। जब चुनावी तंत्र ने, उनकी 32,000 मतों की अजेय बढ़त के बावजूद रात के अंधेरे में कथित रूप से धांधलीपूर्ण मतगणना कर परिणाम बदल दिए, तब प्रो. सिंह ने हिंसा के आह्वानों को अस्वीकार करते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने उच्च न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ी और धांधलीपूर्ण परिणामों को निरस्त करवाने में सफलता प्राप्त की। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का यह ऐतिहासिक उदाहरण उनकी पहचान का स्थायी हिस्सा बन गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसटीआईसी ट्रैवल्स के अध्यक्ष तथा भारत के पर्यटन उद्योग की प्रमुख हस्ती डॉ. सुभाष गोयल ने की। भारत में क्यूबा गणराज्य के राजदूत महामहिम जुआन कार्लोस मास-नि अगुइलेरा मुख्य अतिथि थे जबकि क्यूबा दूतावास के प्रथम सचिव प्रो. माइकी डियाज पेरेज भी समारोह में उपस्थित रहे। इस से प्रो. सिंह की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा और प्रभाव रेखांकित होता है। आयोजन के संयोजक, प्रो. भीम सिंह के पुत्र, अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कार्यकर्ता और लंदन महापौर पद के पूर्व प्रत्याशी अंकित लव ने इस अवसर पर वैश्विक शांति के लिए एक साहसिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने विश्व की परमाणु क्षमताओं को परस्पर संघर्ष के बजाय क्षुद्रग्रहों जैसी अंतरिक्षीय चुनौतियों से पृथ्वी की रक्षा हेतु एकीकृत करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम का आयोजन अंकित लव के साथ दिल्ली पैंथर्स पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जॉली खोसला तथा स्वर्गीय प्रो. भीम सिंह की प्रेस सचिव सुदेश डोगरा द्वारा किया गया।

## खबर एक नजर...

### ईद मिलन समारोह में मांगी गई अमन-चैन की दुआ

**उज्जैन।** न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एमआर मंसूरी द्वारा गांधीनगर में उल्लास के साथ ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश में शांति और भाईचारे की दुआ की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कर्मचारी नेता केसी रावत का माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर विशेष सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता संघ के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार ने की। इस मौके पर संभागीय अध्यक्ष एमआर मंसूरी ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने प्रार्थना करते हुए कहा कि सबके घर जश्न हो, सबकी जिंदगी रोशन हो, सबके दिल में भाईचारा हो और देश में अमन चैन हो। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सोलंकी, आउटसोर्स कर्मचारियों के संभाग अध्यक्ष गुलशन मंसूरी, जिला प्रवक्ता संजय पुरयया, हमीद खान, संदीप पाटिल, नारायण अकेला, अंशुल चौधरी और एमडी अहीरवार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन संजय पुरयया ने किया तथा आभार एमआर मंसूरी ने माना।

### जैन यूनिटी फोरम ने धार्मिक यात्रा के साथ किया जनसेवा का कार्य

**उज्जैन।** जैन यूनिटी फोरम अरिहंत मुस्कान द्वारा अधिकमास की पूर्णिमा के अवसर पर एक दिवसीय धार्मिक यात्रा, टिफिन और मैंगो पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान समूह के सदस्यों ने शहर के विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन कर धर्मलाभ लिया और अस्पताल में कूलर भेंट कर सामाजिक सरोकार भी निभाया। सदस्यों ने खेलकूद गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। जेयूएफ के संस्थापक मनोज सुराणा ने बताया कि समूह के सभी सदस्यों ने भेरूगढ़ जैन तीर्थ, सच्चियां माता, नव नारायण, विष्णु सागर और राम जनार्दन के सभी मंदिरों में दर्शन किए। साथ ही विष्णु सागर में मछलियों को आटा खिलाया गया। इस दौरान पुष्पा देवी लोढ़ा की प्रेरणा से मनोज, अंजू, ऐश्वर्य और माधुर्य सुराणा द्वारा मातुश्री कौशल्या देवी नवीन चंद्र की स्मृति में खाचरौद के सरकारी अस्पताल में एक कूलर भेंट किया गया।

खेलकूद के साथ हुआ सम्मान

ओम नमो भगवते वासुदेवाय' कलियुग में मुक्ति का सशक्त मार्ग:

# कलियुग में केवल प्रभु का स्मरण ही परमात्मा को पाने का सबसे सरल और सुलभ मार्ग- पं. शास्त्री





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कलियुग में केवल प्रभु का स्मरण ही परमात्मा को पाने का सबसे सरल और सुलभ मार्ग है। श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार, 'ओम नमो भगवते वासुदेवाय' एक ऐसा दिव्य महामंत्र है, जो मनुष्य को इस भवसागर से पार लगा सकता है। संसार के हर दुःख का निवारण और समस्त सुखों की प्राप्ति इस एक मंत्र में समाहित है। यह प्रेरक विचार अंकपात मार्ग स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन सोमवार को कथा व्यास पं. हरिनारायण शास्त्री ने व्यक्त किए। सोमवार शाम को क्षेत्र में तेज आंधी और हवा का रुख होने के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। शाम 4 बजे मुख्य यजमान सर्वश्री ऋषि, चंद्रप्रभा, अलका-जगदीश, कुशाग्र विजयवर्गीय, मनोज खंडेलवाल, राधेश्याम सोलंकी, श्यामबाबू सक्सेना, देवेंद्र यादव एवं रमेशचंद्र वर्मा आदि ने विधि-विधान से पोथी पूजन व आरती की। इसके बाद संगीतमयी भागवत कथा का रसपान शुरू हुआ। पं. शास्त्री ने अधिकमास में भागवत कथा के विशेष महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत जी में सभी पुराणों का सार छिपा है। यह आत्मा को परमात्मा से जोड़ने वाली विधा है। इसके श्रवण मात्र से न केवल हमारा मन ईश्वर में लीन होता है, बल्कि हमारी कई पीढ़ियों को भी मोक्ष की प्राप्ति होती है।

कथा व्यास ने कलियुग में नाम-जप की महिमा बताते हुए प्रख्यात संत श्री प्रेमानंद जी महाराज का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि महाराज जी ने केवल 'राधा' नाम के अनवरत जप के माध्यम से ही सब कुछ पा लिया। सतयुग, त्रेता और द्वापर में जो गति कठिन तपस्या, यज्ञ और अनुष्ठानों से मिलती थी, वह कलियुग में केवल भगवत नाम संकीर्तन से सुलभ है। मंदिर व्यवस्थापक पं. वासुदेव शास्त्री ने बताया कि मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा का यह प्रवाह प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अनवरत जारी रहेगा। कथा का भव्य समापन आगामी 7 जून को पूणार्हुति के साथ होगा।

## कलश यात्रा के साथ अष्टविनायक मंदिर में संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ

### हाटकेश्वर मंदिर से निकली यात्रा में उमड़ी मातृशक्ति, महिलाओं को बांटी गई सुहाग की प्रतीक मेहंदी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

संयुक्त ब्राह्मण सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में सोमवार को संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। हाटकेश्वर मंदिर से शुरू हुई यह कलश यात्रा बड़नगर बायपास स्थित अष्टविनायक मंदिर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। लाल साड़ियों में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भगवान श्रीराम के जयघोष और भजनों के साथ नगर का वातावरण धर्ममय कर दिया। कलश यात्रा प्रभारी श्रीमती ललिता तिवारी के मार्गदर्शन में निकली यात्रा के दौरान रोहिणी नक्षत्र के पावन अवसर पर महिलाओं को सुहाग के प्रतीक के रूप में मेहंदी का वितरण भी किया गया।

कलश यात्रा के कथा स्थल पहुंचने के पश्चात संगीतमय श्रीराम कथा शुरू हुई। व्यासपीठ पर विराजमान पंडित अजय शंकर तिवारी ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म और संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराई। इस दौरान वेदपाठी बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। समिति अध्यक्ष श्रीमती रेखा भार्गव के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में कानकुब्ज महिला मंडल, त्रिवेणी हिल्स महिला मंडल, निम्नवास महिला मंडल, करणी सेवा, राहुल दरबार मित्र मंडल, उद्योग संघ घायल इंडस्ट्रीज और बालाजी टाइल्स मित्र मंडल की विशेष उपस्थिति रही।

## नशे की होली में फूंके जा रहे अरबों रुपए, गायत्री परिवार ने निकाली जागरूकता रैली

### केंद्रीय कारागार के बंदियों ने लिया नशा छोड़ने का संकल्प, शहर में बंटे पेंपलेट

### कुरीति उन्मूलन आंदोलन के तहत निकाली रैली

### भेरूगढ़ जेल में बंदियों ने प्रस्तुत किया नाटक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

धूम्रपान करने से हार्ट अटैक की संभावना 25 प्रतिशत, कैंसर की 30 प्रतिशत और अस्थमा होने की संभावना 75 प्रतिशत बढ़ जाती है। संपूर्ण विश्व में 125 करोड़ लोग धूम्रपान के आदी हैं। देश में धूम्रपान जनित बीमारियों से मरने वालों की संख्या लाखों में पहुंच चुकी है और अरबों रुपया प्रतिवर्ष नशे की होली में फूंका जा रहा है।₹ यह विचार गायत्री शक्तिपीठ पर अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभाकर सोनोने ने व्यक्त किए।

गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन द्वारा कुरीति उन्मूलन आंदोलन के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। शक्तिपीठ पर नशा विरोधी प्रदर्शनी और स्टॉल लगाकर तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। इस दौरान आम नागरिकों को पेंपलेट वितरित कर तंबाकू का उपयोग न करने का संदेश दिया गया और नशे के आदी लोगों से इसे छोड़ने का आग्रह किया गया। जागरूकता के उद्देश्य से गायत्री शक्तिपीठ से बुधवारिया चौराहा, अब्दालपुरा और उर्दू पुरा होते हुए एक नशा विरोधी रैली भी निकाली गई। रैली में गायत्री परिवार के अनेक परिजनों ने हाथों में नशा विरोधी पोस्टर लेकर नागरिकों से तंबाकू से दूर रहने की अपील की।

गायत्री परिवार द्वारा केंद्रीय कारागार भेरूगढ़ में चल रहे 10 दिवसीय आत्म सुधार एवं व्यक्तित्व परिष्कार शिविर के अंतर्गत भी तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बंदी भाइयों ने एक नाटक और नशा विरोधी गीत प्रस्तुत किया तथा तंबाकू छोड़ने का संकल्प लिया। बंदियों के बीच पेंपलेट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सतीश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृष्णा पटेल, विजय सिंह भदौरिया, उत्तम सिंह राजपूत, ओमप्रकाश बरबेले, आशा सेन, श्रीमती परिहार, वीणा साहू, श्रीमती सोनोने, पुरुषोत्तम साहू, गौरव साहू और यशस्वी साहू सहित गायत्री परिवार के अनेक वरिष्ठ परिजन उपस्थित रहे और अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन मनोहर बेलावत ने किया।

### पीएम आवास : 20 हजार से अधिक परिवारों की पात्रता को लेकर संशय

**उज्जैन।** जिले के अंचल में पीएम आवास के लिए 20 हजार से अधिक परिवारों की पात्रता को लेकर संशय बना हुआ है। जनपद पंचायत स्तर से वेरिफायर नियुक्त हो रहे हैं, जो बताएंगे कि इनमें से कौन पात्र है कौन नहीं।वर्तमान में पीएम आवास के लिए वर्ष 2025-26 के सर्वे की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अंतिम चरणों में आते-आते इसमें बड़े स्तर पर संशय की स्थिति भी बनने लगी है। दरअसल आने वाले वक्त में अंचल के वे कौन से पात्र परिवार हैं, जिन्हें योजना का लाभ दिया जाना चाहिए? इसके लिए तय प्रक्रिया के तहत सबसे ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम रोजगार सहायक व सचिव ने सर्वे कर अपनी-अपनी सूची सौंपी है। इन सभी सूची में इन्होंने कुल 84,271 परिवारों को योजना के लिए पात्र करार दिया है। क्या यह वास्तव में पात्र है? इसकी पुष्टि करने के लिए विभाग ने जनपद स्तर के उपयंत्री, समन्वयक व सहायक अधिकारी को चेकर नियुक्त किया।

### बाबा महाकाल के दर्शन करने आए यूपी-बिहार के 125 दृष्टिबाधित श्रद्धालुओं का सम्मान

**उज्जैन।** उत्तर प्रदेश और बिहार से उज्जैन तथा ओंकारेश्वर की तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा पर आए 125 दृष्टिबाधित श्रद्धालुओं का शहर में आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। समर्थ सेवा संस्था और सशक्त दिव्यांग संस्था द्वारा इन श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल का स्मृति चिह्न और दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया।

संस्था के उपाध्यक्ष दीपक राजवानी ने बताया कि 'प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ विजुअली चैलेंज्ड' से जुड़े उत्तर प्रदेश और बिहार के 125 दृष्टिबाधित श्रद्धालु तीर्थयात्रा पर उज्जैन पधारे हैं। उनके उज्जैन आगमन पर संस्थाओं द्वारा उनका सम्मान किया गया, ताकि बाबा महाकाल की नगरी की यह सुखद स्मृति उनके मन में हमेशा बनी रहे।

सम्मान समारोह में श्याम माहेश्वरी, विट्ठल नागर, आनंद पुरोहित, चंद्रशेखर मूंदड़ा, विक्रम चंद्रवंशी, सुनील माहेश्वरी, कमलेश, ईश्वर कटारिया, अर्जुन चंद्रवंशी, मेहरा, सरोज अग्रवाल, संगीता नागर, रीना सेंगर और लता चंद्रवंशी विशेष रूप से उपस्थित थे।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक ( एस एण्ड टी ), पश्चिम रेल्वे रतलाम, **निविदा संख्या: SnT_RTM_26_14_SIGNAL दिनांक: 29.05.2026** आमंत्रित करता है। **कार्य का नाम:** देवास-मक्सी खंड में बचे हुये स्टेशन रनायाला जसनिया स्टेशन पर पीआई से ईआई प्रणाली का प्रावधान के संबंध में सिग्नलिंग सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 3,38,57,486.66. **बयाना राशि:** रु. 6,77,200/-. **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** 22.06.2026 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** 22.06.2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ अनलाइन ई-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है।

SPAN/6/1/80

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## सिंहस्थ से पहले एक लाख वृक्ष तैयार करने का संकल्प, हजारों पौधों का संरक्षण

### निरंकारी मिशन और वृक्ष मित्र सेवा समिति का संयुक्त अभियान, नन्हे पौधों को दी खाद और पानी



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आगामी सिंहस्थ से पहले शहर में एक लाख वृक्ष तैयार करने के लक्ष्य के साथ रविवार को वृक्ष मित्र सेवा समिति और संत निरंकारी मिशन ने संयुक्त रूप से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संत निरंकारी मिशन के 'वन नेस वन' और समिति के 'हर संडे 2 घंटे' अभियान के तहत विक्रम विश्वविद्यालय की चरक वाटिका में पूर्व में रोपे गए हजारों पौधों का संरक्षण किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने मिलजुलकर नीम के नए पौधे भी लगाए। मीडिया सहायक विनोद गज्जर और जितेश बत्रा ने बताया कि माता सुदीक्षा जी और रमित जी के मार्गदर्शन में मिशन द्वारा जल, थल और वायु संरक्षण को लेकर वर्षभर सेवा कार्य किए जाते हैं। रविवार, 31 मई को लगभग दो दर्जन निरंकारी भक्तों ने चरक वाटिका पहुंचकर पौधों के आसपास से खरपतवार हटाई तथा उन्हें खाद और पानी दिया। इसका मुख्य उद्देश्य पौधों को रोपने के बाद उन्हें वृक्ष बनने तक सहेजना है, ताकि वे अपना वास्तविक रूप धारण कर सकें और आने वाली पीढ़ी को शुद्ध वायु का लाभ मिले।

वृक्ष मित्र सेवा समिति के अजय भातखंडे ने बताया कि रविवार को चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत निरंकारी मिशन के सहयोग से नन्हे पौधों को संवारने का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि पूरे उज्जैन में सिंहस्थ से पूर्व एक लाख वृक्षों को तैयार करने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है, जिसमें शहर के प्रोफेसर, डॉक्टर और समाजसेवियों सहित अनेक गणमान्य नागरिक निरंतर अपना योगदान दे रहे हैं।

### पौधे बच्चों की तरह होते हैं, उनकी परवरिश जरूरी

पौधों के संरक्षण के पश्चात पंवासा स्थित संत निरंकारी भवन में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उज्जैन मुखी त्रिलोक बेलानी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पौधे बिल्कुल बच्चों की तरह होते हैं। जिस प्रकार बच्चों की अच्छी परवरिश कर उन्हें बड़ा किया जाता है, उसी तरह पौधों को रोपकर उनका उचित पालन-पोषण करना भी आवश्यक है। आज इसी संकल्प के साथ पौधों को खाद-पानी देकर संरक्षित किया गया है। इस सत्संग में सैकड़ों की संख्या में निरंकारी भक्त उपस्थित रहे।

## गोवर्धनधाम कॉलोनी में एक माह तक चले ग्रीष्मकालीन आत्मरक्षा शिविर का हुआ समापन, बालिकाओं ने सीखे गुर

### शारीरिक और मानसिक रूप से किया सशक्त

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गोवर्धनधाम कॉलोनी में खेल एवं युवा कल्याण विभाग और गोवर्धनधाम अलखधाम रहवासी समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक माह का ग्रीष्मकालीन आत्मरक्षा शिविर संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महापौर मुकेश टटवाल ने कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाना समाज की प्राथमिकता है। ऐसे शिविर बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सभापति प्रकाश चित्तौड़ा ने बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में संस्था के प्रयासों की सराहना की। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी भगवान शर्मा, इकबाल सिंह गांधी और सुरेश मोढ उपस्थित रहे।

एक माह तक चले इस समर कैंप में किशोरियों और बालिकाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मुख्य रूप से गुड-टच बैड-टच, जूडो-कराटे, एरोबिक्स, योग और आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा श्याम माहेश्वरी एवं लक्ष्मी शर्मा ने प्रस्तुत की तथा अतिथियों का परिचय संस्था अध्यक्ष ओंकार पाल ने दिया। शिविर के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षक अनुराग शर्मा, रवि यादव, टीना पलौड़, आयुषी गौसर एवं लक्ष्मी शर्मा सहित सभी प्रतिभागी बालिकाओं को मंच से सम्मानित किया गया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में उर्मिला श्रीवास्तव, डॉ. उमेश जेठवानी, सुनील उत्तमानी, अभिषेक सोनी, एल. डी. धन्यवानी, अमर सूर्यवंशी और जेठानंद जयसिंघानी का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था सचिव रवींद्र गुप्ता ने किया तथा अंत में बी. के. सोनी ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## 100 निराश्रित बुजुर्गों को युवा मंच सत्संग समिति ने बांटा गेहूं

### हिरदेश्वर महादेव मंदिर में गर्मी से बचाव के लिए ओआरएस और आई ड्रॉप भी बांटे




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन के तत्वावधान में 1 जून को नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को 10-10 किलो गेहूं का वितरण किया गया। यह आयोजन पंचकोशी यात्रा के प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर और जीरो पॉइंट ब्रिज के पास स्थित श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न हुआ।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान श्री हिरदेश्वर महादेव के पूजन और जलाभिषेक से हुई, जिसे पंडित अनुज शर्मा ने संपन्न कराया। गेहूं वितरण कार्यक्रम में जलगांव के पूर्व सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता एटी नाना पाटिल, वर्तमान विधायक एवं समाजसेवी कैलाश सोनी, विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष अशोक शर्मा और समाजसेवी लच्छू भैया उपाध्याय बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर महाकाल शयन आरती प्रमुख महेंद्र कटियार और उनकी टीम ने भीषण गर्मी को देखते हुए ओआरएस के पैकेट और आई ड्रॉप का भी वितरण किया। मंच के पदाधिकारियों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

दानदाताओं ने दिया विशेष सहयोग

इस पुनीत कार्य में कई दानदाताओं ने गेहूं और नकद राशि का सहयोग प्रदान किया। डॉ. आनंदीलाल कारपेंटर, संतोष रवींद्र भारद्वाज, धनीराम गायकवाड़, राजेंद्र चौहान पलसोरा और नजीराम दादा चिंतामण जवास्या ने एक-एक क्विंटल गेहूं दान किया। वहीं नकद सहयोग के रूप में कैलाश सोनी ने 5100 रुपये, मनोहर परमार ने 5000 रुपये, कृष्णकांत कारपेंटर ने 3000 रुपये, राजन गाड़िया ने 2200 रुपये, कल्पना कतरे ने 1000 रुपये, मुकेश यादव ने 500 रुपये और पूनम बेन पटेल ने 300 रुपये की राशि भेंट की।

### आयोजन में इनकी रही सक्रिय भूमिका

आयोजन को सफल बनाने में युवा मंच सत्संग समिति के मनोहर परमार, महेश सोनेने, फूलचंद जड़िया, राजेश श्रीवास, विजय तिवारी, पारस कुमार जैन, ओम हरोड़, धर्मेंद्र जैन, किशोर कुमार भाटी व लीलाधर आर्तियां की विशेष भूमिका रही। इसके अलावा महिला मंच सत्संग समिति से गीताबेन रामी, लक्ष्मी लश्करी, भारती गुप्ता, नीता आतिया, प्रेमलता रामी, नीता राठौर, योगिता आर्य, संतोष भारद्वाज, पिंकी यादव व कविता राय, गेहूं दान वितरण समिति से राजेश राणा दादा सिंह, शिवनारायण जागीरदार, वीरेंद्र परमार, महेश गुप्ता, अशोक शर्मा, पंडित संतोष शर्मा व बाबूलाल मारोठिया तथा युवा मानव सेवा समिति से रितेश वर्मा, डॉ. सागर मारोठिया, अनिल पांचाल, अर्जुन माली, लोकेंद्र रामी, अनिल लश्करी, रोशन चौधरी, नरेंद्र डोरिया, अमित दुबे व दिनेश परमार ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम में महेंद्र रामी, भगवान जी पटेल, हेमराज परमार, मूलचंद राठौर, मुकेश भाटी, सतीश पेंटर और महेश राठौर सहित कई वरिष्ठ जन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में समिति के संस्थापक गोपाल बागरवाल ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### 4 से 7 जून तक अस्मिता राज्य स्तरीय जूनियर बालिका बास्केटबॉल लीग

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन और उज्जैन कॉर्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में 4 से 7 जून तक अस्मिता बास्केटबॉल लीग का राज्य स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में एक सफल प्रतियोगिता के बाद उज्जैन को एक बार फिर इस मेजबानी का अवसर मिला है। इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में पूरे प्रदेश से 24 टीमें हिस्सा लेने आ रही हैं। एसोसिएशन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 4 जून को शाम 5:30 बजे आयोजित किया जाएगा। स्पर्धा के सभी मैच लीग-कम-नॉकआउट पद्धति के आधार पर खेले जाएंगे। मैचों का आयोजन प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे और शाम 5 से रात 10 बजे तक किया जाएगा।

## संस्था प्राची की गोष्ठी में साहित्यकारों ने दिया शांति और मानवता का संदेश

### अमराई में सजी मुक्ताकाश महफिल, मशहूर शायर बशीर बद्र को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बैंकर्स साहित्यिक संस्था प्राची के तत्वावधान में भारतीय ज्ञानपीठ महाविद्यालय परिसर की अमराई में मुक्ताकाश काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में साहित्यकार डीके जैन ने अपनी गजल 'अमीर की जूठन गरीब का निवाला है' के माध्यम से समाज में व्याप्त असमानता पर तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि आज भी भूखी इंसानियत समृद्ध वर्ग द्वारा फेंके गए अन्न को पाने के लिए तरस रही है, जो समाज के लिए एक दयनीय विडंबना है। गोष्ठी के दौरान महान शायर बशीर बद्र को भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

मीडिया प्रभारी दिनेश रावल ने बताया कि गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां वाग्देवी की स्तुति से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध व्यंग्यकार एवं फिल्म समीक्षक शशांक दुबे ने की। मुख्य वक्ता संदीप कुलश्रेष्ठ ने शिक्षा में पर्यावरण और स्वच्छता के समावेश पर अपने विचार रखे। साथ ही उन्होंने साहित्यकारों को अपनी रचनाओं के साथ रेडियो दस्तक में आमंत्रित किया। संस्था के मुख्य संयोजक यूएस छाबड़ा ने 'हमें युद्ध नहीं शांति चाहिए, बम-बंदूक नहीं जीवन संगीत चाहिए' कविता का प्रभावी पाठ किया।

संस्था अध्यक्ष मानसिंह शरद ने प्राची की पुनर्स्थापना के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने और तीसरे वर्ष में प्रवेश पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सचिव गोपालकृष्ण निगम ने संस्था का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया की नई सदस्या व कवयित्री रोमा पांडे का संस्था के कोषाध्यक्ष प्रांजल मांदलिया तथा उदीयमान कवयित्री प्रतिभा शर्मा ने स्वागत किया।

गोष्ठी में रवींद्र जेठवा और प्रमोद मेश्राम ने बशीर बद्र के प्रसिद्ध शेर सुनाकर खूब दाद बटोरी। राजेश सक्सेना और राजेंद्र नागर निरंतर के मधुर गीतों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## चारभुजानाथ मंदिर में सजी झांकी, खीर के भोग के साथ हुई महाआरती

### माहेश्वरी सभा ने धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा झूला उत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री माहेश्वरी सभा उज्जैन द्वारा पुरुषोत्तम मास 2026 के अंतर्गत शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर चारभुजानाथ मंदिर में झूला उत्सव और शरदोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान की आकर्षक झांकी सजाकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया और साबूदाना खीर का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी बांटी गई।

आयोजन में मनोरथी परिवार की शांता देवी सोडानी, संजय कुमार सोडानी और अनिता सोडानी की ओर से पंडित बृजभूषण दीक्षित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। मंदिर परिसर में शोभा मूंदड़ा और अंकित मूंदड़ा द्वारा भगवान की मनमोहक झांकी सजाई गई। इसके पश्चात मनोरथी परिवार द्वारा भगवान की आरती कर साबूदाना खीर का भोग अर्पित किया गया, जिसे बाद में उपस्थित भक्तजनों में वितरित किया गया।

श्री माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण राठी, सचिव वीरेंद्र कुमार गट्टानी, पुरुषोत्तम मास के मुख्य संयोजक दिनेश चंद्र डाढ़, चारभुजानाथ मंदिर उत्सव समिति के मुख्य संयोजक नृसिंह देवपुरा और संयोजक कैलाश चंद्र गगरानी के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न हुआ। भगवान चारभुजानाथ की आरती में लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, अरुण भूतड़ा, प्रकाश चंद्र लक्ष्मीनारायण सोडानी, भूपेंद्र भूतड़ा, प्रदीप आगीवाल, ओमप्रकाश मूंदड़ा, अर्पण इनानी, मनसुखलाल झंवर, सचिन बसेर, देवेंद्र चांडक, राकेश सोडानी, दीपक काकाणी, नरेंद्र कुमार तोषनीवाल, लोकेंद्र काबरा, भगवान दास सारडा, अतुल देवपुरा, प्रकाश काबरा, शीला राठी, ऊषा झंवर, अनिता चांडक, पूजा देवपुरा, सपना देवपुरा, संध्या काबरा और प्रमिला दीक्षित सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और धर्मलाभ अर्जित किया।

## पीजी कॉलेज में एमसीए एवं एमबीए पाठ्यक्रम की मिली स्वीकृति

**मन्दसौर ।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने बताया कि नवीन सत्र 2026-27 से महाविद्यालय में स्थानीय प्रबंधन समिति के अन्तर्गत एमसीए एवं एमबीए के लिये एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा प्रारम्भ करने की तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है । इस आशय का पत्र महाविद्यालय को प्राप्त हुआ है, जिसके अनुसार महाविद्यालय में महाविद्यालय में एमसीए एवं एमबीए दोनों पाठ्यक्रमों में 30-30 सीट आवंटित की गई है।

## संभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मंदसौर की बेटियों ने मारी बाजी

मंदसौर। जिला वॉलीबॉल एसोसि एशन के तत्वाधान में नूतन स्टेडियम स्केटिंग ग्राउंड के पीछे आयोजित दो दिवसीय संभागीय स्तरीय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें मंदसौर की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए खिताबी जीत दर्ज की। टूनार्मेंट में उज्जैन संभाग की मंदसौर, दलौदा, पिपलौदा और देवास सहित कुल ८ टीमों ने नॉकआउट पद्धति से हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन और यूनिक अकादमी पिपलौदा के बीच खेला गया, जिसमें मंदसौर विजेता और पिपलौदा उपविजेता रही। व्यक्तिगत पुरस्कारों में रंजना कैथवास को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, खुशी ग्वाला को बेस्ट सेटर, भूमिका परिहार को बेस्ट लिब्रो और प्रार्थना वाघेला को बेस्ट अटैकर का खिताब दिया गया। विजेता टीम को 7100 रुपये व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 5100 रुपये व ट्रॉफी प्रदान की। यह ट्रॉफियां स्व. लक्ष्मी नारायण व्यास की स्मृति में दी गईं। कार्यक्रम का संचालन त्रिभुवन कवीश्वर ने किया और आभार विनय दुबेला ने व्यक्त किया।

## सीतामऊ में 4 जून को युवा संगम रोजगार मेला

मन्दसौर। मध्य प्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, रोजगार विभाग तथा तकनीकी शिक्षा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 4 जून, गुरुवार सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक को सीतामऊ के लदुना रोड स्थित शासकीय आई.टी.आई. परिसर में च्युवा संगमज रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में देश-प्रदेश की आठ प्रमुख कंपनियां जैसे केस स्कील डेवलपमेंट सेंटर, गेल इंस्टीट्यूट, पुशकल एग्रो, प्रारेश इंटरप्राइजेस, कृषि दर्पण एग्रो, एलआईसी, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस और एआईएम मल्टीस्किल जॉब्स प्राइवेट लिमिटेड साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहेंगी। जिला रोजगार अधिकारी के अनुसार इस मेले में भाग लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ८वीं से लेकर स्नातकोत्तर तथा किसी भी प्रकार के डिप्लोमाधारी युवा पात्र हैं, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक आवेदकों को अपने साथ समग्र आईडी, दो पासपोर्ट फोटो, बायोडाटा, रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड और अपनी अंकसूचियों की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। रोजगार के साथ-साथ मेले में शासकीय ऋण योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे ताकि स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को तुरंत मार्गदर्शन मिल सके

### 5 जून से 21 जून तक जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा

## मोदी सरकार के 12 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाएगी भाजपा

### कार्ययोजना को लेकर जिला कार्यशाला सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर



जिला भाजपा कार्यालय पर शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण जिला कार्यशाला संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि दिलीप सकलेचा ने बताया कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को समर्पित रहे हैं। इसके तहत आगामी 5 जून से 21 जून तक जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसकी शुरूआत विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण से होगी। इस दौरान स्वच्छता अभियान, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, जनकल्याण शिविर और प्रबुद्धजन बैठकें आयोजित की जाएंगी। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने इस 17 दिवसीय अभियान को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला टोली के गठन की घोषणा की, जिसमें जिला महामंत्री विजय सुराना को जिला संयोजक, अर्जुन सोनी को सह संयोजक तथा नरेंद्र पाटीदार, रानू भावसार व राजकुमार गौड़ को सदस्य मनोनीत किया गया है। कार्यशाला में शिवराजसिंह घटावदा और विनय दुबेला ने आगामी मंडल बैठकों की जानकारी दी। कार्यशाला में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, भाजपा पदाधिकारी अनिल कियावत, सुषमा आर्य, कारुलाल सोनी, नानालाल अटोलिया, मदनलाल राठोर, शिवराजसिंह घटावदा, विजय सुराना और महेश जुनवाल भी मंचस्थ थे। कार्यक्रम का संचालन विजय सुराणा ने किया और आभार प्रदर्शन अर्जुन सोनी द्वारा किया गया।

## सुश्री पण्डया को कलेक्टर ने दिया उप संचालक सामाजिक न्याय का अतिरिक्त प्रभार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

कलेक्टर, श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा कार्यालयीन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला नीमच एवं रेडक्रास का प्रभार परिवर्तित किया गया है।कलेक्टर द्वारा कार्यालयीन आदेश दिनांक 23 सितंबर. 2025 द्वारा डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन, को उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला नीमच एवं रेडक्रास का प्रभार सौंपा गया था। अब उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए यह प्रभार सुश्री अंकिता पण्डया, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास, नीमच को अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ आगामी अन्य आदेश होने तक सौंपा गया है यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। उल्लेखनीय है कि सुश्री अंकिता पण्डया वर्तमान में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास के रूप में कार्यरत हैं। अब वे सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा रेडक्रास का अतिरिक्त दायित्व भी संभालेंगी।

## पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के विरोध में जिला युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

मंदसौर। पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों एवं बढ़ती महंगाई के विरोध में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेशसिंह पटेल के नेतृत्व में स्थानीय गांधी चौराहा पर केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है तथा सरकार को तत्काल राहत देने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल के लगातार बढ़ते दामों से आमजन परेशान है। यदि सरकार ने शीघ्र ही राहत प्रदान नहीं की तो युवा कांग्रेस जनहित में अपने आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। कार्यक्रम में संभाग प्रभारी जावेद पटेल, जिला सहप्रभारी जीतू पाटीदार, मुश्तकीम कुरैशी, प्रदेश सचिव शिबू गुज, जिला महासचिव जीवन चौहान, नेहा जैन, विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह, उपाध्यक्ष राहुल यादव अहीर, समीर खान, कुमकुम सिसोदिया, ब्लॉक अध्यक्ष सम्यक जैन, संदीप दास, नितिन शर्मा, जयंतीलाल चौधरी, जीतू बैरागी, आदर्श जोशी, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश रारोटिया आदि उपस्थित रहे।

## वाल्मिकी समाज के मुक्तिधाम की दुर्दशा कांग्रेस करेगी वृक्षारोपण एवं जीर्णोद्धार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलीया मंडी

नगर के खात्याखेड़ी रोड़ स्थित वाल्मीकि समाज के मुक्तिधाम की दुर्दशा पर वाल्मीकि समाज आक्रोशित है।सोमवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता मुकेश पोरवाल,अनिल बोराना आदि वार्ड 14 वाल्मीकि मोहल्ले में समाज के ललित राठौड़ के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे।वहां शोकाकुल परिजनों ने बताया कि हमारे मुक्तिधाम पर किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नही है।अंतिम संस्कार के लिए आये व्यक्ति गर्मी, बारिश में मैदान में ही खड़े रहते है उनके लिए बैठने की या बारिश एवं धूप से बचने के लिए कोई शेड भी नही है नही अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियों के रखने की कोई व्यवस्था है इस कारण हमें अंतिम संस्कार करने में भी लंबे समय से काफी असुविधाओ का सामना करना पड़ रहा है।

## अधिकारों की बात करने से पहले देश के प्रति अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता- डॉ. शास्त्री

### आरएसएस के शिक्षा वर्ग का हुआ समापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग (विद्यार्थी) का प्रकट एवं समापन समारोह मंदसौर में संपन्न हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में मालवा प्रांत के 28 जिलों के 215 स्थानों से आए 297 शिक्षार्थियों ने सहभागिता की। समापन कार्यक्रम के अवसर पर स्वयंसेवकों ने समता, योग, आसन, घोष और दंड संचालन जैसी शारीरिक कुशलताओं का प्रदर्शन कर उपस्थित समाज का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में वर्ग के सर्वाधिकारी जिनेंद्र जैन, मुख्य अतिथि व समाजसेवी डॉ. समरथमल जैन, जिला संघचालक दशरथसिंह झाला और मुख्य वक्ता के रूप में मालवा प्रांत के संघचालक डॉ. प्रकाश शास्त्री उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. समरथमल जैन ने कहा कि 100 वर्षों से राष्ट्र प्रथम के मंत्र पर चलने वाले संघ के कारण आज देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में दिखाई दे रहा है। मुख्य वक्ता डॉ. प्रकाश शास्त्री ने अपने बौद्धिक संबोधन में कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष को समाज ने व्यापक रूप से अपनाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल अच्छी सरकार या अच्छे नेता व्यवस्था में सहायक हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक समाज परिवर्तन नागरिकों के मन और आचरण बदलने से ही संभव है। उन्होंने आधुनिक दौर में अधिकारों की बात करने से पहले देश के प्रति अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता देने तथा समरस समाज के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। शास्त्री जी ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में युवाओं द्वारा अपनी सुख-सुविधाएं छोड़कर किसी प्राचीन गुरुकुल की भांति कड़े परिश्रम के साथ व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र चिंतन का प्रशिक्षण लेने की सराहना की।

## रणजीत सिंह ने गांव कनघट्टी के लोगों की समस्या का किया समाधान

**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव कनघट्टी में श्री कालभैरव मंदिर एवं गांव में इस भीषण तप तपाती धूप में आ रही पेयजल की समस्या हेतु ग्रामवासियों के आग्रह पर विगत दिनों वाटर टैंक दान देने हेतु घोषणा की थी जिसे पूरा करते हुए आज वाटर टैंक दान करने के साथ ही साथ वॉटर टैंक को फिटिंग करवाने एवं नल चालू करवाने का काम किया,शक्तावत के इस सराहनीय कार्य पर गांव के वयोवृद्ध लोगों ने आशीर्वाद दिया उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की ईश्वर से कामना की,उपस्थित समस्त ग्राम वासियों से कुंवर शक्तावत ने अपील करते हुए निवेदन किया की जब कभी इस प्रकार की कोई समस्या गांव में निर्मित होती हैं

## दिल्ली से नीमच जा रही कार ट्रक में जा घुसी, बच्ची की मौत, चार गंभीर

मंदसौर। जिले की सुवासरा तहसील के अंतर्गत अंत्रालिया फंटा के पास सोमवार सुबह करीब १० बजे दिल्ली से नीमच की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर ट्रक में पीछे से जा घूसी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार में सवार ढाई वर्षीय मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना का शिकार हुई कार में एक ही परिवार के पांच लोग सवार थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां फिलहाल उनका उपचार जारी है।इस हादसे में जान गंवाने वाली ढाई वर्षीय मासूम बच्ची की पहचान आश्वी पिता राहुल जैन निवासी दिल्ली है। वहीं राहुल (41) पिता पदमचंद जैन और नीमच निवासी निर्मला अग्रवाल (72) पति अनिल अग्रवाल सहित अन्य दो शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए पीड़ित परिवार के अन्य रिश्तेदारों को हादसे की सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## मुख्यमंत्री के बयान पर कांग्रेस का प्रदर्शन, जुबान को धोकर जताया विरोध

मंदसौर। मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दिये बयान के विरोध में शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस मंदसौर द्वारा स्थानीय गाँधी चौराहा पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री की जुबान को धोकर अपना विरोध दर्ज कराया तथा मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से अपने बयान पर माफी मांगने की मांग की। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशौरा ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में मर्यादित एवं सम्मानजनक भाषा का प्रयोग किया जाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस प्रभारी सदाशिव यादव, मन्दसौर विधायक विपिन जैन, मो. हनीफ शेख, रफत पयामी,शैलेन्द्र गोस्वामी, कमलेश सोनी लाला, अशोक रैकवार, बल्लु चौहान, दुर्गेश पटेल,मनजीतसिंह टूटेजा, तरूण शर्मा, विजय सिसौदिया, सुनील बसेर, मनोहर नाहटा, दीपक सिंह गुर्जर, वकार खान, विजय मारू, विजय जैन, युनुस मैव, कमल नकुम, राजु पाटीदार, संदीप सलोद आदि उपस्थित थे।

## रतलाम जिले को मिले 100 नव चयनित आरक्षक

### पुलिस अधीक्षक ने नियुक्ति पत्र देकर किया स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार एवं पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश श्री कैलाश मकवाना के नेतृत्व में मध्यप्रदेश पुलिस को अधिक सक्षम, तकनीकी रूप से दक्ष एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु मिशन मोड पर आरक्षक भर्ती प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

वर्ष 2025 की पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जिला पुलिस रतलाम को कुल 100 नव चयनित आरक्षक प्राप्त हुए हैं। नव चयनित आरक्षकों के स्वागत एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय रतलाम में किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा नव चयनित आरक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर मध्यप्रदेश पुलिस परिवार में उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी नव आरक्षकों को पुलिस सेवा की गरिमा, दायित्वों एवं कर्तव्यों से अवगत कराते हुए देशभक्ति, जनसेवा, अनुशासन, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। आमजन की सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखना तथा नागरिकों के विश्वास को सुदृढ़ करना प्रत्येक पुलिसकर्मी का सर्वोच्च दायित्व है। उन्होंने नव नियुक्त आरक्षकों से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे तथा मध्यप्रदेश पुलिस की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में पुलिसिंग का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और आधुनिक तकनीक, साइबर अपराधों की चुनौतियों तथा जन अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक पुलिसकर्मी को निरंतर सीखने एवं स्वयं को अद्यतन रखने की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि चयनित अभ्यर्थियों में अनेक ऐसे युवा शामिल हैं जिन्होंने सीमित संसाधनों एवं कठिन परिस्थितियों के बावजूद अथक परिश्रम, लगन एवं दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता प्राप्त की है। इन युवाओं की उपलब्धि अन्य अभ्यर्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है तथा यह सिद्ध करती है कि कठिन परिश्रम एवं समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मध्यप्रदेश पुलिस में शामिल होकर ये नव चयनित आरक्षक प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नागरिकों की सुरक्षा एवं सेवा के दायित्व का निर्वहन करेंगे।

## वेतन भुगतान और विसंगतियों के विरोध में आशा व पर्यवेक्षकों का प्रदर्शन कल

मन्दसौर। मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत आशा एवं आशा पर्यवेक्षक कार्यकताओं को नियमित वेतन (प्रोत्साहन राशि) न मिलने और उसमें की जा रही अनुचित कटौती के विरोध में आशा, उषा पर्यवेक्षक एकता यूनियन मध्यप्रदेश (सीटू) ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। मंदसौर जिला अध्यक्ष माधुरी सोलंकी, उपाध्यक्षद्वय संगीता चौहान (नारायणगढ़) व कोमल जैन (शामगढ़), तथा महासचिव हुर बानो ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों में फरवरी 2926 से और कुछ क्षेत्रों में अगस्त 2025 से ही मानदेय का पूरा भुगतान नहीं हुआ है। अधिकारी केंद्र या राज्य के किसी एक हिस्से का भुगतान कर गुमराह कर रहे हैं और जबरन पूर्ण भुगतान के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा घोषित एक हजार रुपये की वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ भी जमीनी कार्यकताओं को नहीं दिया जा रहा है। 3 जून को सुबह 11 बजे बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप प्रतिमा के पास एकत्रित होंगी। वहाँ से सभी कार्यकर्ता गांधी चौराहे पहुंचकर अपनी मांगों के समर्थन में एक दिवसीय प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगी।

# पूर्णिमा पर खिचड़ी वितरण में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, महेश्वर में गौरव दिवस ने बढ़ाई रौनक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ महेश्वर



मां नर्मदा के पावन तट महेश्वर में पूर्णिमा पर्व के अवसर पर आयोजित खिचड़ी वितरण कार्यक्रम श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया। विभिन्न समाचार पत्रों, मीडिया संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सेवा कार्य में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाया।

31 मई को पूर्णिमा पर्व होने के साथ ही महेश्वर में गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। इसके चलते महेश्वर में श्रद्धालुओं, पर्यटकों और धर्मप्रेमी नागरिकों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली। मां नर्मदा के दर्शन और पुण्य लाभ के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण कर सेवा कार्य की सराहना की। आयोजन के दौरान सेवा भाव से जुड़े कार्यकताओं और स्वयंसेवकों ने पूरे समर्पण के साथ व्यवस्थाएं संभालीं। श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित तरीके से प्रसाद वितरण किया गया। धार्मिक वातावरण और सेवा की भावना से ओतप्रोत इस आयोजन ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुनील रघुवंशी, अनिल रघुवंशी, राहुल रघुवंशी, विक्रम रघुवंशी तथा धामनोद के वरिष्ठ पत्रकार दीपक शिंदे ने विशेष सहयोग प्रदान किया। उनके सहयोग और सक्रिय सहभागिता से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस सेवा आयोजन के पीछे वरिष्ठ पत्रकार एवं आयोजन संरक्षक संदीप सेन की प्रेरणा और नेतृत्व महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने विभिन्न मीडिया संस्थानों और सामाजिक संगठनों को एक मंच पर जोड़कर सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का संदेश दिया। वहीं कार्यक्रम संयोजक जीवन डोडिया ने आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाओं का सफल संचालन करते हुए सभी सहयोगियों और स्वयंसेवकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया

## ब्रेक फेल बस दीवार से टकराई

**बुरहानपुर।** स्थानीय पुष्पक बस स्टैंड पर सोमवार सुबह एक कंडम बस के ब्रेक फेल होने से बड़ा हादसा टल गया। बस मालिकों द्वारा पैसे बचाने के लालच में अनफिट बसें चलाने के चलते स्टैंड पर आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती है। जानकारी के अनुसार बस चालक की लापरवाही के कारण ब्रेक में पर्याप्त दबाव न बनने के बावजूद बस चलाने का प्रयास किया गया। ब्रेक न लगने पर चालक ने बस को सीधे दीवार में ठोक दिया। सुबह का समय होने और स्टैंड पर भीड़ कम होने के कारण कोई बड़ा नुकसान या जनहानि नहीं हुई। गौरतलब है कि जिस स्थान पर बस दीवार से टकराई, ठीक उसके ऊपर चार पहिया वाहन पार्किंग का पोस्टर लगा था। चालक ने बिना ब्रेक के बस को उसी पार्किंग क्षेत्र में खड़ा किया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर सभा कक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में आपदा प्रबंधन, अतिवर्षा एवं बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में सर्वप्रथम आपदा प्रबंधन, अतिवर्षा एवं बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने निर्देश दिए कि जिला एवं विकासखंड स्तर पर आपदा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं। उन्होंने खाद्यान्न, शेल्टर और दवाइयों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति नहीं बनने देने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि विकासखंड स्तर पर बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करे तथा पेयजल स्रोतों के क्लोरीनेशन और उनमें गंदे पानी की मिलावट न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में टूटी-फूटी एवं क्षतिग्रस्त पुलियों का सत्यापन कर उन्हें चिह्नित करने तथा अत्यधिक क्षतिग्रस्त पुलियों को बंद कर वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## आईटी-जेईई अग्रिम 2026 में मेक्रोविजन एकेडमी का दमदार प्रदर्शन,

बुरहानपुर। जिले की उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्था मेक्रोविजन एकेडमी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा अग्रिम 2026 में फिर इतिहास रच दिया है। संस्था के विद्यार्थियों ने देशभर में बेहतर रैंक हासिल कर बुरहानपुर का नाम रोशन किया है। ओजस अग्रवाल ने हासिल की अखिल भारतीय रैंक-1118 संस्था के ओजस अग्रवाल ने अखिल भारतीय रैंक 1118 प्राप्त की।

# टाईम पास

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बखन, खींच-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 1 | | 8 | | 5 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 35 | | 8 | | 25 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 60 | | 49 | | 25 | = | 21 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 48 | | 30 | | 40 | = | 26 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 27 | | 47 | | 45 | | 45 | = | 3 / 74 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | डु | मे | रि | सो | म | बा | थ | थ | ट | जी |
| णे | खु | कु | प | ई | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | वा | द | ह | प | ल |
| मा | ग | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | ब | ह | सा | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | थि | मो | ग | प | बा | शी | ह | जी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | या | तें | ह | म | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| वां | स | म | प | व | लि | रा | म | भ | ग | त |


शब्दजाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

गणेश मावलनकर, हुकूम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रबी राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | |
| | 2 | | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | | 4 | | 5 | 2 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!

000000000

कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो घर की सभी लाइट्स बंद करके भूत वाली मूवी देखो...
कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!

000000000

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!

000000000

एक बार क्लास में मैडम ने बच्चों से एक सवाल पूछा...
मैडम - तुम सब में से सबसे बहादुर कौन है बच्चों...?
मैडम - अच्छा बताओ, अगर तुम्हारे स्कूल के सामने कोई बम रख दे, तो तुम क्या करोगे...?
मैडम का सवाल सुन पप्पू ने हाथ उठाया और बोला
पप्पू - मैडम जी एक, दो मिनट देखेंगे अगर कोई ले जाता है तो ठीक है, नहीं तो स्टाफरूम में रख देंगे...!

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# हिमाचल में अगले 6 दिन रुक-रुक कर बारिश के आसार, कल 3 जिलों में चेतावनी, तापमान में गिरावट; सुहावने मौसम का आनंद उठा रहे टूरिस्ट

## शिमला में 12 मिमी बारिश

ब्रह्मास्त्र ›› शिमला

हिमाचल प्रदेश में बीते एक सप्ताह रुक रुक कर बारिश हो रही है। अगले छह दिन भी बारिश जारी रहने के आसार हैं। मौसम में बदलाव और बारिश के बाद पहाड़ों पर मौसम सुहावना हो गया है। देशभर से प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे टूरिस्ट सुहावने मौसम का आनंद उठा रहे हैं। वहीं शिमला समेत राज्य के ज्यादातर भागों में आज सुबह से ही धूप खिली हुई है। मौसम विभाग की मानें तो राज्य के कुछेक भागों में आज भी हल्की बारिश हो सकती है। कल (3 जून को) चंबा, कांगड़ा और कुल्लू में आंधी व तूफान का यलो अलर्ट दिया गया है, जबकि 4 जून को किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य सभी जिलों में चेतावनी जारी की गई। इस दौरान 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती है। 5 जून को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, शिमला और सिरमौर जिला में यलो अलर्ट दिया गया है। 6 और 7 जून को भी बारिश जारी रहने का अनुमान है।



बीते 24 घंटे के दौरान भी शिमला में 12 मिमी, सोलन में 6.8 मिमी, जुब्बड़हट्टी 12.2 मिमी, कल्पा में 1.8मिमी और कुफरी में 12 मिमी बारिश हुई। इससे अधिकांश शहरों का पारा सामान्य से 4 से 8 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिरा है। चंबा का पारा सामान्य की तुलना में सबसे ज्यादा 8.7 डिग्री कम के साथ 30.3 डिग्री तक गिर गया है।

कांगड़ा का तापमान सामान्य से 6.3 डिग्री कम के साथ 32.6 डिग्री, नाहन का पारा 4.0 डिग्री की गिरावट के बाद 29.9 डिग्री, मनाली का 2.0 डिग्री लुढ़कने के बाद 23.5 डिग्री, शिमला का 2.0 डिग्री गिरने के बाद 23.6 डिग्री दर्ज किया गया।

## यूपी-एमपी सहित 23 राज्यों में आंधी-बारिश, गर्मी से राहत

देश के 23 राज्यों में जून की शुरूआत गर्मी से राहत लेकर आई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश, हरियाणा और बिहार के कई इलाकों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। इससे तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। राजस्थान के 10 जिलों में बारिश हुई। उदयपुर के गोगुंदा में अस्पताल के बाहर पानी भर गया। जोधपुर के पीपाड़ शहर में बारिश के बाद सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगीं। पाली के घाणेराव में सड़कों पर नदी की तरह पानी बहने लगा।दिल्ली में 1 जून का दिन पिछले तीन सालों की तुलना में सबसे ठंडा रहा। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 36.3त्उ रहा, जो सामान्य से 3.7त्उ कम है।



उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भी बारिश और बादल छाने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरलम पहुंच सकता है। पहले 26 मई को मानसून पहुंचने का अनुमान लगाया गया था। मानसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरलम पहुंचता है और अगले डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर करता है।

## रिपोर्ट- लेबनान पर इजराइली हमले से ट्रम्प नाराज, नेतन्याहू को फोन कर फटकार लगाई

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

ट्रम्प ने सोमवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करते हुए लेबनान में इजराइली सैन्य कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में नेतन्याहू को ह्यपागलह्न कह दिया और उन पर एहसान न मानने का आरोप लगाया।रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान पर हमले के बाद ईरान ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि अगर इजराइली कार्रवाई जारी रही तो वह अमेरिका के साथ चल रही बातचीत छोड़ सकता है। इससे नाराज ट्रम्प ने नेतन्याहू किया।

सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प ने गुस्से में कहा, ₹तुम पागल हो गए हो। आखिर तुम कर क्या रहे हो। अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। अब हर कोई तुमसे नाराज है। इस वजह से हर कोई इजराइल से भी नाराज है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प खास तौर पर इस बात से परेशान थे कि लेबनान में बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे जा रहे हैं और एक हिजबुल्लाह कमांडर को निशाना बनाने के लिए पूरी इमारतें गिराई जा रही हैं।

कुवैत में अमेरिकी ठिकाने पर हमलाः ईरान ने कुवैत में तैनात अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाकर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं जिसे हवा में ही रोक लिया गया। ईरान ने कहा कि उसे जवाबी कार्रवाई का अधिकार है।

अमेरिका-ईरान की बातचीत फिर शुरूः अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत फिर से पटरी पर लौटती दिख रही है। उठठ के मुताबिक दोनों देशों के बीच संपर्क और बातचीत दोबारा आगे बढ़ रही है। लेबनान पर हमले से ईरान नाराजः ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका के साथ सीजफायर की शर्तों में लेबनान शामिल है। उस पर हमला पूरे समझौते का उल्लंघन माना जाएगा।

# ट्रेंडिंग

## एमपी में ओले-बारिश से 5 डिग्री से ज्यादा गिरा तापमान

## धार-बड़वानी में आज भारी बारिश का अलर्ट; 45 जिलों में बदला रहेगा मौसम



**नौतपा में लगातार 8 दिन से मध्य प्रदेश में आंधी, बारिश के साथ ओले गिर रहे हैं। इस वजह से हीटवेव (लू) का असर खत्म हो गया है और न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री से ज्यादा की गिरावट हुई है। मंगलवार को नौतपा का आखिरी दिन है। इस दिन 45 जिलों में मौसम बदला रहेगा। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, मंगलवार को धार-बड़वानी में भारी बारिश-ओलावृष्टि के साथ 60ङे प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलेगी। वहीं, आगर-मालवा और राजगढ़ में ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है।**


### भोपाल में हर साल नौतपा में बारिश

### MP में 40 डिग्री से नीचे आया पारा, खंडवा में सबसे कम

| शहर | दिन का तापमान |
|---|---|
| मलाजखंड (बालाघाट) | 39.3 |
| शाजापुर | 39.3 |
| उमरिया | 39.2 |
| रतलाम | 39.0 |
| मंडला | 38.9 |
| खजुराहो (छतरपुर) | 38.8 |
| दमोह | 38.6 |
| सागर | 38.5 |
| नरसिंहपुर | 38.4 |
| खरगोन | 38.4 |
| धार | 38.3 |
| रायसेन | 38.2 |
| राजगढ़ | 38.2 |
| छिंदवाड़ा | 38.0 |
| नर्मदापुरम | 37.6 |
| रीवा | 37.5 |
| नौगांव (छतरपुर) | 37.5 |
| सतना | 37.2 |
| बैतूल | 36.5 |
| श्योपुर | 36.2 |
| टीकमगढ़ | 36.0 |
| दतिया | 34.4 |
| पचमढ़ी (नर्मदापुरम) | 33.6 |
| गुना | 33.8 |
| खंडवा | 32.9 |

(**नोट:** *अधिकतम तापमान 1 जून का, डिग्री सेल्सियस में*)

### एमपी के बड़े शहरों में पारा 39 डिग्री से नीचे




(**नोट:** *अधिकतम तापमान 1 जून का, डिग्री सेल्सियस में*)

### कहीं पेड़ गिरे, कहीं उड़े मकानों के टीनशेड

बीते 24 घंटे के दौरान प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। कहीं पेड़ गिरे तो कहीं मकानों के टीनशेड उड़ गए।

देवास में आंधी के चलते कई पेड़ गिर गए। बिजली के पोल झुकने से बिजली सप्लाई बंद हो गई। ग्राम सिया में कई मकानों के टीनशेड उड़ गए। माता टेकरी की लाइटें क्षतिग्रस्त हो गईं। रूपा खेड़ी के पास मेरठी कंकड़ में दीवार गिरने से एक परिवार के सात लोग घायल हो गए।

#### सीहोर में आंधी के कारण भोपाल-इंदौर रोड पर कई पेड़ गिर गए

शाजापुर जिले के शुजालपुर में तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। कड़वाला गांव में नीम का पेड़ सवारी ऑटो पर गिर गया। घटना के समय ड्राइवर बारिश से बचने के लिए ऑटो से बाहर खड़ा था। जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

महू की गोशाला में भागवत कथा समापन के दौरान सोमवार को भंडारा चल रहा था। अचानक आई आंधी से टेंट उड़ गया। सामान भी बिखर गया।

इंदौर के राऊ में तेज हवा से बीच सड़क पर बड़ा होर्डिंग गिर गया। इससे दोनों तरफ का ट्रैफिक रुक गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई। नगर परिषद की टीम ने जेसीबी की मदद से होर्डिंग को हटाकर ट्रैफिक क्लियर कराया।

महू के हरिफाटक इलाके में हाई स्कूल और हार्नियाखेड़ी में मकानों की छतों की चादरें उड़ गईं। सड़क पर पेड़ गिरने से महू-मानपुर मार्ग और महू-सिमरोल रोड पर जाम लग गया।

शाजापुर जिले में आंधी और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया। मक्सी के पास सिरोलिया गांव में बीएसएनएल का एक टावर टेढ़ा होकर झुक गया। शाजापुर-बेरछा रोड पर सांपखेड़ा गांव के पास एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया। रोड बंद होने से दोनों तरफ गाड़ियों की कतार लग गई। शहर के कई इलाकों में बिजली भी गुल हो गई।

शाजापुर की अकोदिया मंडी में खुले में रखी व्यापारियों की उपज पूरी तरह भीग गई।

## दिन-रात गर्मी से राहत- मौसम में ठंडक घुली

**प्रदेश में आंधी-बारिश के बीच दिन और रात के तापमान में खासी गिरावट आई है। रविवार-सोमवार की रात की बात करें तो खंडवा में न्यूनतम तापमान 19 डिग्री पर आ गया। पचमढ़ी में 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

दमोह में पारा 21.8 डिग्री, रीवा में 22 डिग्री, खरगोन-छिंदवाड़ा में 23.4 डिग्री, उमरिया में 23.5 डिग्री, दतिया में 23.7 डिग्री, नौगांव-नरसिंहपुर में 24.2 डिग्री, धार में 24.3 डिग्री, रतलाम, टीकमगढ़-सतना में 24.5 डिग्री और मंडला में 24.8 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसा ही मौसम सोमवार को दिन में भी रहा। कई शहरों में दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई।

वहीं, दिन की बात करें तो सोमवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 37.6 डिग्री, इंदौर में 38.1 डिग्री, ग्वालियर में 35.9 डिग्री, उज्जैन में 38.5 डिग्री और जबलपुर में 38.6 डिग्री रहा।


वहीं, दतिया में 34.4 डिग्री, पचमढ़ी में 33.6 डिग्री, गुना में 33.8 डिग्री और खंडवा में सबसे कम 32.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



#### इस बार समय पर नहीं आएगा मानसून

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में प्री-मानसून की एक्टिविटी है। टर्फ, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से बारिश का दौर चल रहा है। दूसरी ओर, इस बार प्रदेश में मानसून की दस्तक 5 से 7 दिन लेट हो सकती है।

बता दें कि प्रदेश में मानसून के एंटर की सामान्य तारीख 15 जून है। दक्षिणी हिस्से से मानसून एमपी में दस्तक देता है। साल 2025 में 1 दिन बाद यानी, 16 जून को मानसून एंटर हो गया था, जबकि विदाई 15 अक्टूबर तक हुई थी।



इस साल मानसून अभी केरल में ही नहीं पहुंचा है। सामान्यतः केरल में आने के 15 दिन बाद एमपी में भी मानसून दस्तक दे देता है। कई बार ब्रेक भी हो जाता है। इस वजह से अबकी बार मानसून के प्रदेश में आने की तारीख 20 से 22 जून बताई जा रही है।

■ वर्ष-12 अंक-209 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 02 जून, 2026

## सुभाषितानि

नाङ्गुल्या कारयेत् किञ्चिद् दक्षिणेन तु सादरम्।
समस्तेनैव हस्तेन मार्गमप्येवमादिशेत्॥

**भावार्थ** : रास्ते के बारे में पूछने वाले पथिक को उंगली के इशारे से संकेत नहीं देना चाहिए, बल्कि समूचे दाहिने हाथ को धीरे-से समुचित दिशा की ओर उठाते हुए आदर के साथ रास्ता दिखाना चाहिए।

मुखपूरं न भुञ्जीत सशब्दं प्रसृताननम्।
प्रलम्बपादं नासीत न बाहू मर्दयेत समम्॥

**भावार्थ** : मुंह में ठूंसकर, चप-चप जैसी आवाज के साथ एवं मुख पूरा फैलाकर भोजन नहीं करना चाहिए। पैर फैलाकर बैठने से भी बचे और दोनों बांहों को साथ-साथ न मरोड़े।

## असुविधा न अभवत्, रेलयानस्य कार्यं यथासाधारणं निरन्तरं भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

मेट्रो प्रशासनेन अपि अवलोकितं यत् प्रत्येकं कोचः एसी-युनिट्-द्वयेन सुसज्जितः अस्ति। अतः एकं यूनिटं निष्क्रियं कृत्वा अपि यात्रिकाणां कृते महत्त्वपूर्णा असुविधा न अभवत्, रेलयानस्य कार्यं यथासाधारणं निरन्तरं भवति स्म। प्रशासनेन पुष्टिः कृता यत् एतस्मिन् घटनाकाले यात्रिकाणां सुरक्षायाः कृते कदापि क्षतिः न कृता, सायंकाले व्यस्तसमये अपि मेट्रोसेवाः अबाधिताः एव आसन् वायरल्-वीडियो-प्रकाशनस्य अनन्तरं सामाजिक-माध्यम-मञ्चेषु विविधाः चर्चाः उद्भूताः आसन्। केचन व्यक्तिः प्रश्नान् उत्थापितवन्तः, एतत् घटनां घटियानिर्माणगुणवत्तायाः, मेट्रो-अन्तर्गत-संरचनायाः अन्तः सम्भाव्य-लीक-सम्बद्धानां च सह सम्बद्धवन्तः। परन्तु मेट्रो प्रशासनेन एतान् दावान् सर्वथा निराधाराः इति उक्ताः। असत्यापितानां अफवानां विश्वासं न कुर्वन्तु, सामाजिकमाध्यमेषु भ्रामकसूचनाः प्रसारयितुं

## सम्पादकीयम्

### होर्मुज् जलसन्धिस्थे नाकाबंदीः

इरान्-अमेरिका-स्थितौ परिवर्तनम् : होर्मुज् जलसन्धिस्थे नाकाबंदीः युद्धे द्वितीयं मोर्चाम् उद्घाटयति; उत्तेजकवाक्यानि तनावान् वर्धयितुं शक्नुवन्ति अमेरिका-इरान्-देशयोः प्रत्यक्षसङ्घर्षः निवृत्तः, परन्तु होर्मुज्-जलसन्धिस्थे नाकाबन्दीकारणात् तनावः वर्धितः अस्ति। उभयपक्षः उत्तेजकवक्तव्यं निर्गच्छति, समुद्रीययानयानं च स्थगितम् अभवत्। अमेरिका आर्थिकदबावं करोति तथापि इरान्-देशे तस्य प्रभावः सीमितः एव अस्ति। दीर्घकालं यावत् स्थगितस्य वैश्विक-अर्थव्यवस्थायाः, तैल-आपूर्तिः, सामान्यजनस्य च कृते घोरः प्रतिकूलः भवितुम् अर्हति। एप्रिल-मासस्य ८ दिनाङ्कात् आरभ्य अमेरिका-इरान्-देशयोः मध्ये प्रत्यक्षः संघर्षः नास्ति। अधुना यदा सप्ताहद्वयस्य युद्धविरामस्य अवधिः समाप्तः अभवत्-अनेकधमकीषु अपि-डोनाल्ड् ट्रम्पः तस्य विस्तारं अधिकं कृतवान् एतेन अन्तर्निहिततनावः अस्ति चेदपि उभयपक्षः शान्तिं इच्छति इति सूचितम्। परन्तु इदानीं द्वन्द्वः नूतनं रूपं गृहीतवान्-होर्मुज्-जलसन्धि-स्थले नाकाबन्दी-तथा च ट्रम्प-महोदयस्य नवीनतम-आदेशानां अनुसरणं कृत्वा, स्थापनम् अधिकं गभीरं भवितुम् अर्हति उत्तेजकवक्तव्यंः अमेरिकीराष्ट्रपतिना आदेशः जारीकृतः यत् यदि होर्मुजजलसन्धिस्थः कोऽपि ईरानीपोतः खानिं स्थापयन् दृश्यते तर्हि तस्य दृष्ट्या एव नष्टः कर्तव्यः।

अभिषेकबनर्जी इत्यस्य उपरि आक्रमणं बङ्गराजनीतिं शिलायाम्

# ममता, खर्गे, अखिलेश च घटनायाः घोर निन्दां कुर्वन्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

दक्षिण २४ परगनामण्डलस्य सोनारपुरे तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य राष्ट्रियमहासचिवस्य सांसदस्य च अभिषेकबनर्जी इत्यस्य उपरि कथितप्रहारस्य समाचारानां अनन्तरं शनिवासरे पश्चिमबङ्गराजनीतिषु एकः बृहत् विवादः उत्पन्नः। आरोपः अस्ति यत् भाजपा-समर्थकानां समूहः अभिषेक-बनर्जी-इत्यस्य परितः कृत्वा-यः निर्वाचनोत्तर-हिंसायाः प्रभावितानां परिवाराणां साक्षात्काराय आगतः आसीत्-तस्य उपरि अण्डानि, शिलाः, पादपरिधानं च क्षिप्तवान्। घटनाकाले सः अपि दुर्व्यवहारं कृतवान्। आयोजनस्य अनन्तरं राज्यस्य राजनैतिकक्षेत्रे परस्परं आरोपव्यापारस्य, दोषव्यापारस्य च दौरः आरब्धः अस्ति।

प्रत्यक्षदर्शिनां मते अभिषेक बनर्जी शनिवासरे सोनारपुरम् आगतः, निर्वाचनोत्तरहिंसायाम् मृतस्य टीएमसी-कर्मचारिणः संजू कर्मकरस्य परिवारजनैः सह मिलितुं। तस्य भ्रमणकाले तस्मिन् स्थाने महती जनसमूहः समागत्य विरोधं कर्तुं आरब्धवान्। आरोपः अस्ति यत् जनसमूहस्य अन्तः केचन व्यक्तिः सुरक्षा घेराबंदीं भङ्गयितुं प्रयत्नं कृतवन्तः, अभिषेक बनर्जी इत्यस्य समीपं गन्तुं समर्थाः अभवन्, तस्य दुर्व्यवहारं च कृतवन्तः। अण्डानि, शिलाः, पादपरिधानाः अपि तस्य उपरि क्षिप्ताः आसन्। सुरक्षाकर्मचारिणः तं सुरक्षिततया निष्कासयितुं प्रयतन्ते स्म, यद्यपि किञ्चित्कालं यावत् स्थितिः तनावपूर्णा आसीत्।

सामाजिकमाध्यमेषु अस्य घटनायाः अनेके भिडियो वायरल् अभवन्। वायरल्-चित्रेषु, दृश्येषु च अभिषेक-बनर्जी हेल्मेटं धारयन् दृश्यते। तस्य शर्टः विदीर्णः दृश्यते, समीपस्थाः जनाः चोर! चोर! (चोर! चोर!)। केषुचित् भिडियासु जनसमूहः तस्य विरुद्धं नारान् उत्थापयति, अपशब्दान् च कथयति इति दृश्यानि अपि गृह्यन्ते। अस्य घटनायाः अनन्तरं अभिषेक बनर्जी भाजपाविरुद्धं गम्भीरान् आरोपं कृतवान्। सः प्रतिपादितवान् यत् ये जनाः तस्य उपरि आक्रमणं कुर्वन्ति ते भाजपासमर्थिताः गुण्डाः सन्ति, सः जानी-बुझकर लक्ष्यं कृतवान् इति। सः अपि आरोपितवान् यत् क्षेत्रे अपर्याप्तपुलिसस्य उपस्थितिः अस्ति, सुरक्षाव्यवस्थायां च गम्भीरः दोषः अभवत् इति। अभिषेकः घोषितवान् यत् यदि ते तं मारयितुम् इच्छन्ति तर्हि तथा कुर्वन्तु; तथापि सः पीडितैः परिवारैः सह मिलनस्य समयसूचीं न त्यजति स्म।

बरेलासमीपे मनेरीवने प्राप्तः

## युवकस्य विकृतशरीरम् मुखस्य विरूपतायाः कारणेन परिचयः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मण्डलामण्डलस्य मनेरी औद्योगिकक्षेत्रस्य समीपे स्थिते खेरानीवने अज्ञातयुवकस्य विकृतशरीरस्य आविष्कारस्य अनन्तरं सनसनीप्रसृता अभवत्-जबलपुरमण्डलस्य सीमान्तक्षेत्रम्। बरेलासमीपे अस्मिन् क्षेत्रे शवस्य आविष्कारस्य वार्ता प्रसारितुं आरब्धा इति कारणेन अस्मिन् प्रदेशे आतङ्कः आक्रान्तः। सूचनां प्राप्य पुलिसैः घटनास्थले आगत्य अन्वेषणं आरब्धम्। शरीरस्य भृशं क्षीणतायाः कारणात् अद्यापि मृतस्य परिचयः न कृतः।

पुलिस-अनुसारं तस्य युवकस्य शवः वने अन्तः एकान्तमार्गे शयितः अभवत्-एषः मार्गः सामान्यतया अत्यल्पं मानवयानयानं दृश्यते शरीरं दुर्गन्धं उत्सर्जयति स्म, मुखं च भृशं विकृतं भवति स्म, येन परिचयः अत्यन्तं कठिनः भवति स्म। प्रारम्भिक अन्वेषणेन ज्ञायते यत शवः त्रयः चत्वारि दिवसाः यावत् पुरातनः भवितुम् अर्हति।

घटनास्थलं प्राप्ते पुलिसैः समीपस्थग्रामजनानां स्थानीयजनानाञ्च प्रश्नोत्तरं कृत्वा मृतस्य पहिचानस्य प्रयासः कृतः; तथापि युवकस्य परिचयं कोऽपि पुष्टयितुं न शक्तवान्। तदनन्तरं पुलिसैः शवस्य अभिरक्षणं कृत्वा शवपरीक्षायै प्रेषितम्। अधिकारिणः वदन्ति यत् मृत्युकारणसम्बद्धा स्पष्टसूचनाः एकवारं मृत्योः पश्चात् प्रतिवेदनं प्राप्ते एव उपलब्धाः भविष्यन्ति। प्रकरणस्य गम्भीरताम् अवलोक्य सम्प्रति मण्डला-जबलपुर-जिल्हयोः विभिन्नेषु पुलिस-स्थानकेषु दाखिलानां लापता-रिपोर्ट्-सम्बद्धानां सूचनानां संग्रहणं क्रियते। हालदिनेषु लापतानां व्यक्तिनां अभिलेखानां पारसन्दर्भं कृत्वा मृतस्य परिचयं स्थापयितुं पुलिसाः प्रयतन्ते।

## राशिफल

**मेष** : घर के लोगों का सहयोग मिलेगा। किसी बात को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।

**वृषभ** : पैसों के मामले में सोच-समझकर कदम उठाएं। खानपान पर ध्यान देना जरूरी रहेगा।

**मिथुन** : किसी पुराने दोस्त से बातचीत हो सकती है। शाम तक राहत महसूस होगी। ज्यादा तनाव लेने से बचें।

**कर्क** : किसी पुरानी चिंता से राहत मिल सकती है। पैसों से जुड़ा कोई बड़ा फैसला सोच-समझकर लें।

**सिंह** : किसी करीबी की सलाह आपके काम आ सकती है। गुस्से पर कंट्रोल रखना जरूरी रहेगा।

**कन्या** : काम पर ध्यान दें और बेवजह की बातों से दूर रहें। शाम तक स्थिति सामान्य हो सकती है।

**तुला** : सेहत को लेकर लापरवाही न करें। नौकरी पेशा करने वाले जातकों को पदोन्नति या प्रमोशन मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक** : परिवार का सहयोग मिलने से मन खुश रहेगा। धन से जुड़े मामले आपका आर्थिक पक्ष मजबूत कर सकते हैं।

**धनु** : खर्चों पर थोड़ा ध्यान रखें। व्यक्तित्व प्रभावशाली रहेगा। आर्थिक पक्ष अनुकूल नजर आ रहा है।

**मकर** : पैसों के मामले में जल्दबाजी न करें। आय के नए स्त्रोत बनेंगे और पुराने साधनों से भी धन का आगमन होगा।

**कुंभ** : घर का माहौल भी ठीक रहेगा। अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएं। आज की एनर्जी को फील करें।

**मीन** : दिन आराम से निकल सकता है। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ धन का लेनदेन करने से बचें।

सीबीएसई इत्यस्य ओएसएम निविदाविषये उत्थापिताः प्रश्नाः राष्ट्रियमुद्दे वर्धन्ते

# १७ वर्षीयस्य छात्रस्य ब्लोग् राजनैतिक-उत्थानस्य ज्वलनं करोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



केन्द्रीयमाध्यमिकशिक्षामण्डलस्य ऑन-स्क्रीन् मार्किंग् प्रणालीं परितः विवादः अधुना राष्ट्रियस्तरीयराजनैतिक विमर्शरूपेण विकसितः अस्ति। अस्य सम्पूर्णस्य विवादस्य केन्द्रे झारखण्डस्य १७ वर्षीयेन छात्रेन सार्थकसिद्धान्तेन लिखितः एकः ब्लोग् अस्ति, यः सीबीएसई-निविदाप्रक्रियायाः, ओएसएम-व्यवस्थायाः च विषये अनेके प्रासंगिकाः प्रश्नाः उत्थाप्य राष्ट्रस्य ध्यानं आकर्षितवान् अस्ति छात्रस्य दावानुसारं कार्यं कुर्वन् विपक्षदलानां कतिपये प्रमुखनेतारः केन्द्रसर्वकारं सीबीएसई च कोणं कृतवन्तः; तद्विपरीतम्, बोर्डेन सम्बन्धितकम्पनी च सवेषां आरोपानाम् खण्डनं कृत्वा प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी आसीत्, नियमानाम् अनुरूपं च आसीत् इति प्रतिपादितवन्तः।

झारखण्डस्य १२ कक्षायाः छात्रः सार्थकसिद्धान्तः स्वस्य वेबसाइट् इत्यत्र प्रकाशितस्य विस्तृते ब्लॉग-पोस्ट्-मध्ये आरोपं कृतवान् यत् सीबीएसई-संस्थायाः ऑन-स्क्रीन्-मार्किंग-प्रणाल्याः निविदां निर्गन्तुं नियमेषु पात्रतामापदण्डेषु च अनेकाः महत्त्वपूर्णाः परिवर्तनाः कृताः-एषां परिवर्तनानां कारणात् अन्ततः हैदराबाद-नगरस्य एकस्याः फर्मस्य, छात्रः दावान् करोति यत् केन्द्रीयसार्वजनिकक्रयणपोर्टले उपलब्धानां निविदादस्तावेजानां सावधानीपूर्वकं विश्लेषणं कृत्वा कतिपयान् दिवसान् व्यतीतवान्; तदनन्तरं त्रयः विशिष्टाः चरणाः विमोचितानाम् निविदादस्तावेजानां तुलनात्मकविश्लेषणेन अनेकाः विसंगतयः ज्ञाताः।

सार्थकसिद्धान्तः स्वस्य ब्लोग मध्ये लिखितवान् यत् एषा केवलं एकस्याः निविदाप्रक्रियायाः कथा एव नास्ति, अपितु कोटिकोटिछात्राणां भविष्यं धारयति इति विषयः। सः आरोपयति यत् सीबीएसई क्रमेण पात्रतामानकान् तकनीकीविनिदेर्शान् च विशिष्टकम्पन्योः अनुकूलतायै विनिर्मितरीत्या परिवर्तयति स्म। सः अपि दावान् करोति यत् न्यूनातिन्यूनं १५ विशिष्टाः बिन्दवः सन्ति ये अस्य प्रतिपादनस्य विश्वासं ददति।

सार्थकः दर्शयति यत् प्रारम्भिकनिविदादस्तावेजेषु दुर्बलप्रदर्शनस्य, कालासूचीकरणस्य च विषये अनेके प्रावधानाः आसन्, येषु तदनन्तरं परिवर्तनं कृतम् तस्य मते यदा कस्यापि कम्पनीयाः पूर्वं कालासूचीकरणं प्रारम्भे अयोग्यकारकं गण्यते स्म, तदा अनन्तरं दस्तावेजैः एतत् प्रतिबन्धं संकुचितं कृत्वा केवलं तेषु कम्पनीषु एव प्रवर्तते येषु वर्तमानसमये कालासूची कृता अस्ति। छात्रः प्रासंगिकः प्रश्नः उत्थापितवान् यत् पूर्वं गम्भीरविवादेषु उलझितायाः कम्पनीयाः नियमाः किमर्थं शिथिलाः अभवन्? सः अपि आरोपितवान् यत् कम्पनीयाः कृते आवश्यके वार्षिककारोबारसीमायां परिवर्तनं कृतम्। तस्य मते 50 कोटिरूप्यकाणां वार्षिककारोबारस्य अनिवार्यतायाः शर्तः एतादृशरीत्या निर्धारिता यत् चयनितकम्पनी अत्यन्तं संकीर्णमार्जिनेन योग्यतां प्राप्तुं शक्नोति। ब्लोग इदमपि दावान् करोति यत् भ्रष्टप्रथानां सम्बद्धानां कतिपयानां प्रावधानानाम् समयसीमाः लघुकृताः, तथा च तकनीकीमापदण्डाः एतादृशरीत्या परिवर्तिताः येन चयनितकम्पनी बृहत्तराणां, स्थापितानां फमार्णां अपेक्षया अनुकूलतां प्राप्नोति स्म

अस्य ब्लोग् इत्यस्य प्रकाशनानन्तरं शीघ्रमेव एषः विषयः राजनैतिकवर्णं प्राप्तवान्। लोकसभायां विपक्षस्य नेता, काङ्ग्रेस-सांसदः च राहुलगान्धी छात्रस्य ब्लोग्-प्रशंसार्थं सामाजिक-माध्यमेषु गत्वा तस्य विशिष्ट-सन्दर्भं दत्तवान् राहुलगान्धी इत्यनेन उक्तं यत् एकेन १७ वर्षीयेन छात्रेन एतादृशाः प्रश्नाः उत्थापिताः येषां उत्तरं दातुं सर्वकारः सम्बन्धितसंस्थाः च कर्तव्याः सन्ति। सः आरोपितवान् यत् कोटिकोटिछात्राणां भविष्यं एकस्याः कम्पनीयाः कृते न्यस्तं यत् केवलं परिवर्तितविनियमानाम् कारणेन योग्यतां प्राप्तवती इति कथ्यते। राहुलगान्धिः अपि सम्पूर्णस्य प्रकरणस्य स्वतन्त्रन्यायिकजाँचस्य आग्रहं कृतवान्।

आम आदमीपक्षस्य राष्ट्रियसंयोजकः अरविन्द केजरीवालः अपि एतत् ब्लोग् साझां कृतवान् यत् एकस्याः संदिग्धकम्पन्योः लाभाय नियमानाम् हेरफेरः कृतः इति आरोपः। तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य सांसदः, दिग्गजपत्रकारः च सागरिका घोषः छात्रस्य शोधं व्यापकं तथ्याधारितं च इति वर्णितवती।

विजयानन्तरं वदति 'दङ्गल २' इदानीं कर्तव्यम्

# चीनी एमएमए फाइटर शि मिंग आमिर खानस्य प्रशंसाम् करोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मकाऊ



इत्यस्मिन् भारतस्य स्टार एमएमए फाइटर पूजा तोमर इत्यस्याः पराजयानन्तरं चीनीयः फाइटरः शि मिङ्ग इत्यनेन एतादृशी टिप्पणी कृता यत् युद्धात् एव सामाजिकमाध्यमेषु अधिकानि शीर्षकाणि प्राप्तवती। मकाऊनगरस्य गैलेक्सी एरिना इत्यत्र आयोजिते स्ट्रॉवेट्-क्रीडायां शी मिङ्ग इत्यनेन प्रथमे एव दौरे सबमिशन-माध्यमेन पूजा तोमर-इत्यस्य पराजयः कृत्वा शानदारं विजयं प्राप्तम् परन्तु मैचस्य अनन्तरं सा यत् वक्तव्यं दत्तवती तत भारतीयचलच्चित्रस्य विषये नूतनं वातालापं प्रेरितवान्-विशेषतः च आमिरखानस्य चलच्चित्रस्य दङ्गल इति।

मैचस्य अनन्तरं कृते अष्टकोणसाक्षात्कारे शी मिंगः बालिवुड्-अभिनेता आमिरखानस्य तस्य ब्लॉकबस्टर-चलच्चित्रस्य दङ्गल इत्यस्य च खुलेन प्रशंसाम् अकरोत्। सा अवदत् यत् अविश्वसनीयतया प्रेरणादायकं भावुकं च चलच्चित्रं सा पश्यति। सा लघुहृदयेन अपि सुझावम् अयच्छत् यत् यदि कदापि तस्याः जीवनस्य विषये चलच्चित्रं निर्मातव्यं तर्हि तस्य शीर्षकं दङ्गल २ इति ।

शी मिंगः अवदत्, मम कृते अतीव महत्त्वपूर्णं यत् जनाः मयि विश्वासं कुर्वन्ति। अहं वक्तुम् इच्छामि यत् मम कृते बालिवुड्-तारकः आमिरखानः रोचते। तस्य चलच्चित्रं दङ्गल अतीव भावुकं प्रेरणादायकं च अस्ति। आशासे यत् एकस्मिन् दिने, कोऽपि मम कथायाः आधारेण एतादृशं चलच्चित्रं निर्माति। दङ्गल 2– अस्माभिः आरभ्यताम्!

तस्याः वचनस्य अनन्तरं रङ्गमण्डपे उपस्थिताः प्रेक्षकाः तालीवादनस्य चक्रेण प्रतिक्रियाम् अददुः। इदानीं यावत् मैचस्य भिडियो साक्षात्कारः च विभिन्नेषु सामाजिकमाध्यमेषु शीघ्रमेव वायरल् अभवत्। शि मिङ्ग इत्यस्य टिप्पणीं प्रति बहवः भारतीयाः चीनदेशीयाः च प्रशंसकाः अपि सकारात्मकं प्रतिक्रियां दत्तवन्तः।

## ज्योतिष/वास्तु

# जून में देवगुरु बृहस्पति करेंगे कर्क राशि में गोचर, जानें किन राशियों को मिलेगा लाभ



2 जून 2026 को गुरु ग्रह कर्क राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं, जहां यह उच्च स्थिति में होते हैं और अत्यंत शुभ फल प्रदान करते हैं। इस दौरान कुछ राशियों के लिए यह समय विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है। आइए जानते हैं कौन सी हैं वो राशियां।

वैदिक ज्योतिष में गुरु ग्रह का गोचर बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसे ज्ञान, भाग्य और समृद्धि का कारक माना जाता है। 2 जून 2026 को गुरु ग्रह कर्क राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं, जहां यह उच्च स्थिति में होते हैं और अत्यंत शुभ फल प्रदान करते हैं। यह गोचर करीब पांच महीनों तक प्रभावी रहेगा, जिसका असर सभी राशियों पर पड़ेगा। हालांकि, इस दौरान कुछ राशियों के लिए यह समय विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है और उन्हें करियर, धन और जीवन के अन्य क्षेत्रों में जबरदस्त सफलता मिल सकती है। आइए जानते हैं कौन सी हैं वो राशियां।

**मेष राशि–** गुरु का कर्क राशि में गोचर कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ साबित होने वाला है। खासकर मेष राशि के जातकों को इस दौरान करियर और आर्थिक मामलों में बड़ी सफलता मिल सकती है। नौकरी और व्यापार दोनों में तरक्की के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने की संभावना है, वहीं जो लोग पहले से नौकरी में हैं, उन्हें प्रमोशन मिल सकता है। इसके अलावा घर या वाहन खरीदने जैसे बड़े सपने भी पूरे हो सकते हैं।

**वृषभ राशि–** वृषभ राशि के लोगों के लिए यह गोचर कई परेशानियों से राहत दिलाने वाला रहेगा। जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। अचानक धन लाभ के योग बन सकते हैं और करियर में भी प्रगति होगी। व्यापारियों का काम बढ़ेगा और नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे और दांपत्य जीवन में भी खुशियां आएंगी।

**कर्क राशि–** कर्क राशि वालों के लिए यह गोचर विशेष रूप से लाभकारी रहेगा, क्योंकि गुरु इसी राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इससे आत्मविश्वास और सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपको ऊंचा पद मिल सकता है और आपकी छवि मजबूत होगी। हालांकि आपकी सफलता से कुछ लोग ईर्ष्या कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है।

**तुला राशि–** तुला राशि के लोगों को इस समय थोड़ा संभलकर रहने की जरूरत है। जीवन में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं और विवाद की स्थिति बन सकती है, इसलिए धैर्य और समझदारी से काम लेना बेहतर रहेगा। स्वास्थ्य के मामले में भी यह समय थोड़ा कठिन हो सकता है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**मकर राशि–** मकर राशि के जातकों को भी इस दौरान अच्छे अवसर मिलेंगे। खासकर जो लोग साझेदारी में काम करते हैं, उन्हें बड़ा प्रोजेक्ट या लाभदायक सौदा मिल सकता है। आय के नए स्त्रोत बनेंगे और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को भी सफलता मिलने की संभावना है।

## खबर एक नजर...

### जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक 2 दिन बाद मौत



**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम पलसोड़ा मकडावन से 29 मई को जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी हालत के बाद किशन पिता बाबूलाल वर्मा 31 साल को परिजन उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां हालत में सुधार नहीं होने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां चले उपचार के दौरान रविवार–सोमवार रात किशन की मौत हो गई। निजी अस्पताल से सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। माधवनगर पुलिस के अनुसार मामला माकडोन थाना क्षेत्र का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी। फिलहाल परिजनों ने किशन के जहरीला पदार्थ खाने का कारण स्पष्ट नहीं किया है।

### झारडा से लापता बालिका 10 घंटे बाद तराना में मिली

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र की नई आबादी में रहने वाली बालिका अचानक घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने सभी जगह तलाश करने के बाद थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला–फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया और थाना प्रभारी आनंद भाबोर ने बालिक की तलाश के लिये टीम गठित की। 10 घंटे बाद पता चला कि बालिका तराना में परिचित रिश्तेदार के यहां है। तत्काल टीम तराना पहुंची और बालिका का सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। बालिका को झारड़ा लाने पर उसके बयान दर्ज किये गये। इस दौरान सामने आया कि उनके माता पिता सगाई करना चाहते थे। जिसके चलते वह नाराज होकर घर से चली गई थी। थाना प्रभारी के अनुसार बालिका को समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### बहू ने सास से की मारपीट, ससुर ने किया बीच-बचाव

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अम्बोदिया में सोमवार सुबह सरलाबाई पति संतोष वाघ 53 साल को उसको उसकी बहू सपना पति प्रशांत वाघ ने मारपीट कर चोंट पहुंचाई। सरला के साथ मारपीट होती देख पति संतोष ने बीच बचाव किया। सरलाबाई चोंट लगने पर थाने पहुंची और बहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। सरलाबाई का कहना था कि बहू आये दिन झगड़ा करती है। दोपहर में अचानक बहू आई और कहने लगी कि तुम अपनी लड़की से बात करती हो, जो मेरे खिलाफ तुम्हे भड़काती है। बहू को समझाने का प्रयास किया तो उसने हाथपाई शुरू कर दी और मारपीट कर चोंट पहुंचाई। एएसआई राजेश सौराष्ठी ने बताया कि शिकायत दर्ज कर जांच में ली गई है। मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा है। बहू और सास के बयान दर्ज किये जायेगें।

### पांड्याखेड़ी ब्रिज के पास चाकू लेकर घूम रह था युवक

**उज्जैन।** एमआर–5 मार्ग पांड्याखेड़ी ब्रिज के पास चाकू लेकर घूम रहे युवक की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना एएसआई दिनेश वरकड़े टीम के साथ पहुंचे और घेराबंदी कर युवक को हिरासत में लिया। जिसके पास से धारदार चाकू बरामद किया गया। युवक को थाने लाकर पूछताछ करने पर उसका नाम शानू उर्फ बाबा पिता रामचंद्र मावी 19 साल विवेकानंद झुग्गी झोपड़ी होना सामने आया। चाकू का वेध दस्तावेज नहीं होने पर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है।

### व्यवसायी की आत्महत्या में सहायक यंत्री को थाने बुलाया

**उज्जैन।** टाइल्स दुकान संचालक अक्षांश जैन निवासी वेदनगर की आत्महत्या के मामले में नानाखेड़ा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अक्षांश ने मॉडल स्कूल के समीप स्थित दुकान में पिछले दिनों फांसी लगा ली थी, जेब से पुलिस को सुसाइड नोट मिला था, जिसमें राहुल कापसे का नाम लिखा है। कापसे सहायक यंत्री विद्युत सुरक्षा है, जिनसे नानाखेड़ा पुलिस ने सुसाइड नोट में नाम के आधार पर थाने बुलाकर पूछताछ की है। उनका कहना था कि नाम क्यों लिखा नहीं पता, कभी कोई विवाद नहीं हुआ। जांच अधिकारी अनिल आर्य ने कहा मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर आगे जांच की जाएगी।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी की अपील के बाद कांग्रेस ने रद्द किया विरोध प्रदर्शन

**उज्जैन।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अपील के बाद कांग्रेस नेताओं सोमवार को होने वाले ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन कार्यक्रम को निरस्त कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर की गई टिप्पणी के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन की तैयारी की गई थी। उज्जैन कांग्रेस ने भी टावर चौराहा पर सोमवार शाम 5 बजे विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम तय किया था। इसके मैसेज सभी कार्यकर्ता को भेजे गए थे, लेकिन पटवारी ने कांग्रेस कार्यकताओं से किसी भी प्रकार का विरोध प्रदर्शन नहीं करने की अपील करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया। इसके बाद टावर चौक पर होने वाले विरोध प्रदर्शन को निरस्त कर दिया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 226-0 | 156-2 |
| मेन बाजार | 380-1 | 557-7 |
| मिलन डे | 499-2 | 235-0 |
| मिलन नाइट | 336-2 | 358-6 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 |

### चंद घंटों में पुलिस ने किया ट्रेस, मारपीट से परेशान था परिवार

# हत्या के बाद पत्नी-पुत्र में नाले में फेंकी लाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पानी से भरी खाल (नाला) में मिली हाथ बंधी लाश का मामला हत्या का होने पर तराना पुलिस ने जांच शुरू की और मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये। कुछ देर में पहचान होने के साथ मामले का खुलासा होगा। मृतक को पत्नी और पुत्र ने मारने के बाद नाले में फेंका था।

तराना थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया ने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने सूचना देकर बताया था कि ग्राम कनासिया स्थित आमड़ी की खाल (नाला) में एक युवक की लाश पड़ी है। पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची। नाले में पानी भरा था, मृतक का शव बाहर निकाला गया। उसके हाथ कपड़े के धागे से बंधे थे, सिर पर चोंट के निशान दिखाई दे रहे थे। उसके दाहिने हाथ पर मदनलाल सोलंकी लिखा था। उसकी पहचान करने पर सामने आया कि मदनलाल पिता तोलाराम सोलंकी 45 साल निवासी ग्राम नायता पोलाय थाना टोंकखुर्द जिला देवास हाल मुकाम कनासिया है। उसके परिजनों को सूचना दी गई, लेकिन घर पर कोई नहीं मिला। आसपास पूछताछ करने पर पत्नी सौरमबाई और पुत्र संजू सोलंकी के साथ रहने की जानकारी सामने आई। दोनों की तलाश शुरू की गई और शाम को थाने लाया गया। पूछताछ करने पर दोनों ने टूट गये और मारकर नाले में फेंकना कबूल कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है।





#### घर पर मारा और बाइक पर लाये लाश

बताया जा रहा है कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि घटनाक्रम 30 मई का है। पत्नी और पुत्र ने पत्थर से मारा था। उसके बाद तड़के बाइक से लाश लेकर नाले तक आये थे। जिसके बाद पानी से भरा गड्ढा देख फेंककर चले गये थे। पत्नी और पुत्र ने कबूल किया कि मदनलाल शराब पीने का आदी था और आये दिन मारपीट करता था। सुबह नींद खुलने के बाद शराब का नशा कर लेता था। परिवार के साथ आसपास के लोगों से भी विवाद करता था। लगातार प्रताड़ना और विवाद से परेशान होकर पत्थर मारकर हत्या कर दी।

#### घटनास्थल जांच के लिये पहुंची पुलिस

लाश मिलने और हत्या का खुलासा होने पर तराना थाना पुलिस की टीम साक्ष्य एकत्रित करने और विवेचना के लिये मृतक के घर कनासिया पहुंची। पुत्र और पत्नी की निशानदेही पर पत्थर की तलाश की गई। दोनों से पूछताछ पूरी होने के बाद मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

## नाबालिगों ने किया था वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वंदे भारत एक्सप्रेस पर हुए पथराव के मामले में आरपीएफ की टीम ने 7 दिनों की जांच के बाद 3 नाबालिगों को कस्टडी में लिया। क्रिकेट खेलने के दौरान बॉल गुम होने पर आपसी विवाद में पथराव किया गया था। तीनों को परिजनों के सुपुर्द कर किशोर न्याय बोर्ड में उपस्थित करने के निर्देश दिये गये है।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) निरीक्षक नरेन्द्र यादव ने बताया कि 25 मई की रात नागपुर से इंदौर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर गदापुलिया क्षेत्र में पथराव हुआ था। 6 कोच के कांच क्षतिग्रस्त हो गये थे। मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। सहायक उपनिरीक्षक शिवसिंह बघेल, प्रधान आरक्षक कमल, जीआरपी के प्रधान आरक्षक हेमंत के साथ पथराव करने वाले अज्ञात युवकों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और लोगों से पूछताछ शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि रात में कुछ युवक रेलवे लाइन पर क्रिकेट खेल रहे थे। युवकों की पहचान के प्रयास शुरू किये गये और क्षेत्र के रहने वाले 3 नाबालिगों को कस्टड़ी में लिया गया। जिनसे पूछताछ करने पर सामने आया कि क्रिकेट खेलने के दौरान उनकी बॉल (गेंद) गुम हो जाने पर काफी ढूंढा गया, रेलवे लाइन पर बॉल नहीं मिलने पर आपस में विवाद हुआ और रेलवे ट्रैक पर पड़ी गिट्टियां उठाकर आपस में मारने लगे। तभी ट्रेन गुजरी और पत्थर ट्रेन की खिड़की पर लगे। तीनों बच्चों ने अपना कृत्य स्वीकार किया और कहा कि उनके द्वारा जानबूझकर नहीं किया था, तीनों ने भविष्य में इस प्रकार की गलती नहीं करने का भरोसा दिलाया गया। निरीक्षक यादव के अनुसार तीनों बच्चों से घटनास्थल की तस्दीक कराई गई, उनके खिलाफ रेल अधिनियम 153 में प्रकरण दर्ज किया गया और नाबालिग होने पर परिजनों से बांड भरवाकर उनके सुपुर्द करते हुए किशोर न्याय बोर्ड के समझ उपस्थित करने के निर्देश दिये गये।

## गिरफ्त में मादक पदार्थ बेचने वाला आरोपी



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मादक पदार्थ मामले में 2 माह से फरार चल रहा आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 1 अप्रैल को को रूनिजा मार्ग यात्री प्रतिक्षालय के पास से शेरू पिता इफ्तकार हुसैन 25 साल निवासी नटराज टॉकिज के पीछे बड़नगर को पकड़ा गया था। जिसके पास से 36.58 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। पूछताछ में उसने ड्रग्स शाहरुख पिता सलीम खान 28 साल निवासी अडान मोहल्ला बड़नगर से लाना कबूल किया था। पुलिस ने उसे भी आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी, लेकिन उसकी लोकेशन लगातार गोवा, कश्मीर, गुजरात, राजस्थान में मिल रही थी। उसे पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन वह हर बार पुलिस से बचकर निकल जाता था। रविवार को लोकेशन इंदौर की मिलते ही पुलिस ने उसकी घेराबंदी शुरू की। वह धार की ओर जाना सामने आया। पुलिस टीम ने पीछा शुरू किया और बदनावर से उसे गिरफ्तार कर लिया। फरार आरोपी शाहरूख ट्रक पर क्लीनर करता है और फरारी के दौरान भी वह ट्रक पर एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुंच रहा था। उसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। उसकी गिरफ्तारी में एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, हेमराज खरे, आरक्षक महेश मौर्य, अजय चौहान, नारायण सरा, और टीम का सहयोग रहा।

### हत्या में फरार आरोपी 15 माह बाद आया था घर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हत्या और हत्या के प्रयास में 15 माह से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने घर आने की सूचना मिलते ही दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपी के साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुके थे। ीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि 15 माह पहले 14 मार्च 2025 को संजयनगर क्षेत्र में रोहित सांडिया, विकास उर्फ कुक्की और उसके साथियों द्वारा रोहित डोडियार के सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। रोहित को बचाने आये कान्हा पर जानलेवा हमला किया था। मामले में घायल कान्हा की शिकायत पर मामले में हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर अधिकांश आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। एक आरोपी अभिषेक उर्फ अमन पिता धर्मेन्द्र सांडिया 25 साल निवासी संजय नगर लगातार फरार चल रहा था। 31 मई की रात खबर मिली कि फरार आरोपी अभिषेक उर्फ अमन अपने घर आया हुआ है। तत्काल एसआई वेदप्रकाश साहू, आरक्षक लोकेश प्रजापति को रवाना किया और 15 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## हिरासत में फर्जी मालिक बन जमीन का सौदा करने वाले आरोपी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जमीन का फर्जी मालिक बनकर कई 36 लाख की धोखाधड़ी में शामिल 2 आरोपियों को सोमवार सुबह पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दोनों से पूछताछ की जा रही है। आज दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि ग्राम मानपुरा में रहने वाले रविन्द्रसिंह तंवर और उसके भतीजे कुलदीपसिंह को कृषि भूमि का मुआवजा मिलने पर मंगलसिंह ने उन्हे घट्टिया तहसील के ग्राम सलामता में 12 बीघा खसरा नंबर 256/2 जमीन दिखाई थी। मंगलसिंह ने रजिस्ट्रार ऑफिस में एक अज्ञात व्यक्ति को असली भू-स्वामी दिलीप सिंह बनाकर और उसका फर्जी आधार कार्ड दिखाकर चाचा भतीजे को झांसे में लिया था और 95 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया था। यहीं नहीं 9 मई को जमीन का सौदा 1.39 करोड़ में तय कर अनुबंध करते हुए 10 लाख नगद और 25 लाख का चैक प्राप्त कर लिया था। रविन्द्रसिंह को अपने साथ धोखाधड़ी का उस वक्त चला जब वह परिवार के साथ सौदा की गई जमीन पर पहुंचा। जहां उसका सामना असली जमीन मालिक दिलीपसिंह से हुआ। 31 मई को मामले की शिकायत रविन्द्रसिंह ने दर्ज कराई। पुलिस ने मंगल सिंह पिता हाकमसिंह, निवासी ग्राम रलायती और तथाकथित भूमि स्वामी दिलीपसिंह की तलाश शुरू की। दोनों को रविवार रात विक्रमनगर ब्रिज के पास से स्वीफ्ट कार में सवार होकर जाते पकड़ा गया। जिनके पास से मोबाइल फोन, भूमि अनुबंध संबंधी दस्तावेज, कई नामों से तैयार फर्जी पहचान पत्रों की प्रतियां बरामद की गई। थाने लाकर पूछताछ करने पर कथित दिलीपसिंह का असली नाम भैरूसिंह पिता करणसिंह निवासी ग्राम खेड़ा चितावलिया थाना माकडोन सामने आया। जमीन का सौदा करने वाले मंगलसिंह का नाम भी सौदानसिंह होना बताया जा रहा है। दोनों फर्जी पहचान पत्र और कूटरचित दस्तावेजों से भूमि स्वामी बनकर लोगों के साथ ठगी का काम करते है। फिलहाल पूछताछ जारी है।



## मोहित हत्याकांड- उज्जैन में महाकाल थाने पर हंगामा

### पुलिस पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप, आरोपियों पर की कड़ी कार्रवाई की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन के नलिया बाखल हत्याकांड में सोमवार शाम को मृतक मोहित के परिजनों ने महाकाल थाने के सामने सड़क पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ परिजनों ने बाइक से पेट्रोल निकालकर खुद पर डालने की कोशिश भी की।

परिजनों का आरोप है कि उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है और पुलिस द्वारा बयान दर्ज कराने बुलाए जाने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार व धक्का-मुक्की की गई।

परिजनों का कहना है कि हत्या को पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। उनका आरोप है कि जब वे मामले की जांच और सबूतों के बारे में जानकारी मांग रहे थे, तब कुछ पुलिसकर्मियों ने उन्हें थाने से बाहर निकाल दिया। परिजनों ने यह भी दावा किया कि घटना का वीडियो बनाने के दौरान उनका मोबाइल फोन छीनकर फेंका गया और क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

प्रदर्शन के दौरान परिजन सड़क पर बैठ गए और कुछ लोग पुलिस वाहन के सामने लेट गए, जिससे महाकाल जाने वाले श्रद्धालुओं को निकलने में दिक्कत हुई। स्थिति को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि मामले में शामिल कुछ लोगों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है।

**28 मई को हुई थी युवक की हत्या-** यह मामला 28 मई की रात का है, जब महाकाल थाना क्षेत्र के नलिया बाखल इलाके में चाकूबाजी की घटना हुई थी। इस घटना में युवक मोहित की हत्या हो गई थी, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया था।

मृतक के पिता प्रेम नारायण की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी एकलव्य शर्मा निवासी पुष्कर बावड़ी, नलिया बाखल तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया था।

**सीएसपी बोले- लगातार की जा रही कार्रवाई-** महाकाल थाना क्षेत्र के सीएसपी दीपक सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य संदिग्धों के संबंध में भी उपलब्ध साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## चंद घंटों में हत्या का खुलासा करने वाली टीम का सम्मान



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उन्हेल के पिपलिया डाबी में हुई भारतसिंह राजपूत की हत्या का चंद घंटो में खुलासा करने और हत्या में शामिल मृतक की पत्नी सोनाकुंवर और प्रेमी जितेन्द्र राजपूत को गिरफ्तार करने वाली उन्हेल थाना पुलिस को सोमवार को ग्रामीणों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने अंधाकत्ल प्रतीत हो रहे मामले में गंभीरता से कार्रवाई करते हुए मृतक के अंतिम संस्कार बाद ही रात में दोनों को गिरफ्तार करने पर पुलिस टीम की कार्यशैली की सरहाना की। थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि रविवार शाम मामले का खुलासा करने के बाद सोमवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जितेन्द्र को खाचरौद उपजेल भेजा गया है। वहीं सोनाकुंवर को उज्जैन जेल में दाखिल कराया है। जल्द मामले की विवेचना पूरी कर अभियोग पत्र भी कोर्ट में प्रस्तुत कर दोनों आरोपियों को सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com